आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 214 | उज्जैन, सोमवार 17 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### प्रधानमंत्री मोदी ने मोर को दाना खिलाया, गाय को चारा दिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर अपनी दिनचर्या का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह पशु-पक्षियों को खाना खिलाते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह वीडियो स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर जाने से पहले का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी दिनचर्या एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह गायों को चारा और मोर को दाना खिलाने खिलाते हुए नजर आ रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, हर सुबह अपने दोस्तों को खाना खिलाना मेरी रोज की दिनचर्या है। पीएम मोदी ने आगे बताया, कल सुबह उन्हें किसी तरह पता चल गया कि मैं जल्दी निकल रहा हूं। इसलिए वे मुझसे मिलने आ गए, जब मैं लाल किले के लिए निकल रहा था।

### महाराष्ट्र के स्कूल में भूत की दहशत से 608 छात्राएं भागी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के आदिवासी बहुल मेलघाट इलाके में एक सरकारी आश्रम स्कूल में छात्राओं के अचानक रोने, हंसने और फिर शांत हो जाने की घटना ने पूरे गांव में दहशत फैला दी। कुछ छात्राओं को बिना किसी स्पष्ट कारण के अचानक हंसते हुए देखा गया, जिसके बाद स्कूल परिसर में भूत होने की अफवाह फैल गई। डर इतना बढ़ा कि डोमा गांव स्थित आश्रम स्कूल के 608 छात्र-छात्राएं अपने घर लौट गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन और डॉक्टरों की टीम स्कूल पहुंची। चिकित्सकों ने इसे मास हिस्टीरिया यानी सामूहिक मनोवैज्ञानिक बीमारी का मामला बताया। अधिकारियों के मुताबिक, तनाव और डर के कारण कई छात्रों में एक जैसी शारीरिक और मानसिक प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं।

#### इलायची के विज्ञापन पर

### शाहरुख-अजय और टाइगर को नोटिस



**महाराष्ट्र फूड एडमिनिस्ट्रेशन ने इसे पान-मसाला का प्रचार माना, 10 लाख का लग सकता है जुर्माना**

**मुंबई।** महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एफडीए का आरोप है कि विमल इलायची के विज्ञापन के जरिए राज्य में प्रतिबंधित विमल पान मसाला का इनडायरेक्ट प्रचार किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एफडीए ने 11 अगस्त को तीनों को नोटिस भेजकर विज्ञापन में उनकी भूमिका पर 15 दिन में जवाब और स्पष्टीकरण मांगा है। शाहरुख खान को बांद्रा स्थित उनके घर मन्नत, अजय देवगन को जुहू स्थित आवास और टाइगर श्रॉफ को उनकी प्रोडक्शन कंपनी टाइगर श्रॉफ प्रोडक्शंस एलएलपी के पते पर नोटिस भेजा गया है। एफडीए का कहना है कि विज्ञापन में विमल नाम, प्रोडक्ट और डायलॉग इस तरह इस्तेमाल किए गए हैं कि इससे विमल ब्रांड का प्रचार होता दिखता है। चूंकि विमल ब्रांड पान मसाला से भी जुड़ा है, इसलिए एफडीए को शक है कि विज्ञापन के जरिए प्रतिबंधित पान मसाले का इनडायरेक्ट प्रचार किया जा रहा है। महाराष्ट्र में तंबाकू या निकोटिन वाले गुटखा और पान मसाला पर 2012 से रोक है।

## नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** पीपीएफ अकाउंट से हर महीने 61 हजार रुपये तक की कमाई, 1.03 करोड़ रुपये का फंड भी हो जाएगा तैयार।
- **नई दिल्ली:** रिजिजू ने कहा- पीएम ने विपक्षी नेताओं को दिमागी नक्सल नहीं कहा, इस लिस्ट में माओवादी समर्थक, संविधान न मानने वाले, चिदंबरम बोले- मुझे दिमागी नक्सल होने पर गर्व।
- **तेहरान :** ईरान से समझौते को लेकर खाड़ी देश ट्रम्प से नाराज, बातचीत का नतीजा नहीं निकलने से सहयोगी देशों की बेचैनी बढ़ी।
- **तेहरान :** कैम्ब्रिज के सबसे कम उम्र के ब्लैक प्रोफेसर की मौत, घर में बेहोश मिले, रिसर्च में नकल के आरोपों के बाद यूनिवर्सिटी से इस्तीफा दिया था।
- **कीव :** इजराइली पीएम नेतन्याहू को हार का खतरा, सर्वे में पूर्व आर्मी चीफ आइजेनकोट से पिछड़े, 2 महीने बाद चुनाव होने हैं।
- **नादिया:** पश्चिम बंगाल के नादिया में बदमाशों ने कांग्रेस नेता और उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी।

# पांच बार के विधायक ने टीएमसी ऑफिस में फांसी लगाई

## आशीष बनर्जी विधानसभा डिप्टी स्पीकर भी रहे, सुसाइड नोट में लिखा- पार्टी के गलत कामों को रोक नहीं सका

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

आशीष बनर्जी रामपुरहाट के वार्ड नंबर-5 के हत्तलापारा इलाके में रहते थे। उनके घर के पास ही तृणमूल कांग्रेस का पार्टी ऑफिस था। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं पार्टी के सभी गलत कामों को हमेशा स्वीकार नहीं कर पाता था, लेकिन मैं विरोध भी नहीं कर सका। मैंने अपनी पूरी जिंदगी में काम के बदले एक पैसा भी नहीं लिया है। आशीष बनर्जी टीएमसी के पूर्व विधायक भी थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### सुसाइड नोट में रेत टेंडर का जिक्र, लिखा- कोई पैसे नहीं लिए

आशीष का जो सुसाइड नोट सामने आया है उसमें उन्होंने किसी रेत के टेंडर का जिक्र किया है। आशीष ने लिखा कि उन्होंने कभी भ्रष्टाचार नहीं किया और किसी काम के बदले पैसे नहीं लिए। टीआरडीए (तारापीठ-रामपुरहाट डेवलपमेंट अथॉरिटी) के टेंडर, प्लान पास करने, एनओसी और चेक से जुड़े मामलों में उनकी कोई भूमिका नहीं है। आशीष ने लिखा कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है और उन्होंने राजनीति में आने पर अफसोस जताया।

### भाजपा बोली- टीएमसी में सभी लोग खराब नहीं अभिषेक का भाजपा पर अरोप

- बंगाल सरकार में मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा- 'यह आत्महत्या है या हत्या, इसकी जांच पुलिस करेगी। मैं आज भी कहूंगी कि तृणमूल कांग्रेस में सभी लोग खराब नहीं हैं। शायद 0.00001% अच्छे लोग अब भी वहां हैं, जो बोल नहीं सके और विरोध नहीं कर सके।
- टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा- जीवनभर शिक्षक और जनसेवक रहे आशीष दा ने ईमानदारी, सम्मान और सादगी के साथ लोगों की सेवा की। वे रामपुरहाट और पूरे बीरभूम के सम्मानित लोगों में थे। उनके अंतिम नोट में लंबे समय से चले कथित बदनाम करने के अभियान को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं।

### आशीष बनर्जी कई विभागों में मंत्री भी रहे

आशीष बनर्जी ममता बनर्जी के करीबी और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे। पश्चिम बंगाल में टीएमसी की सरकार बनने के बाद वे कई विभागों के मंत्री रहे। वे स्कूल शिक्षा और कृषि मंत्री भी रह चुके थे। आशीष 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में रामपुरहाट सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए। पिछली ममता सरकार में वे विधानसभा के डिप्टी स्पीकर भी रहे। हालांकि, 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार ध्रुबा साहा से हार गए। 2026 विधानसभा चुनाव के दौरान आशीष बनर्जी ने टीएमसी उम्मीदवार सायंतिका बनर्जी के लिए कैंपेन किया था।

#### एमपी के कई जिलों में भारी बारिश

## शहडोल-अमरकंटक मार्ग 14 घंटे से बंद, फंसे सैकड़ों यात्री

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर संभाग, शहडोल, अनूपपुर आदि जिलों में पिछले 24 घंटों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते अनूपपुर जिले में नदी - नाले उफान पर आ गए हैं। तेज बारिश के चलते शहडोल -अमरकंटक मुख्य मार्ग पर राजेंद्रग्राम के पास स्थित गिजरी नाले में बाढ़ आ गई है। ऐसे में मार्ग पर बीते करीब 12 घंटे से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। रविवार दोपहर तक नाले में पानी का तेज बहाव बना रहा, जिसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग हुई है। राहगीर घंटों से अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए



परेशान होते नजर आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि, रात करीब 12 बजे से गिजरी नाले में पानी बढ़ने के बाद पुलिस और प्रशासन ने एहतियातन मार्ग पर आवागमन रोक दिया है। सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए नाले के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही, पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है। वाहनों को आगे जाने से रोकने के कारण बड़ी संख्या में यात्री और वाहन चालक कई घंटे तक दोनों ओर फंसे रहे।

#### वाराणसी एयरपोर्ट पर शिवसेना नेता की पिस्टल की जांच के दौरान

# गोली चलने से 2 कर्मचारी घायल

**एजेंसी ▸▸ वाराणसी**

वाराणसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री से गोली चल गई। इससे महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया. घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने विमान में ले जाने वाले हथियार को पहले ही डिक्लेयर किया था।

हथियार की जांच के दौरान उससे एक राउंड फायर हो गया। स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी गई



है। यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आजमगढ़ के रहने वाले कमलेश शिवसेना नेता हैं। मुंबई में पूर्व पार्षद रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और धनंजय सिंह के साथ तस्वीरें डाल रखी है।

### यात्री ने पिस्टल की सूचना पहले ही दे दी थी

वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (बाबतपुर) के डायरेक्टर पुनीत गुप्ता ने बताया- कमलेश अपनी पत्नी के साथ 11.30 बजे की एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से मुंबई जाने वाले थे। उनके पास लाइसेंसी पिस्टल थी। जांच के दौरान उनसे एक राउंड फायर हो गया। गोली पहले फर्श से टकराई और फिर पास में मौजूद महिला कर्मचारी गया, बिहार निवासी सुमन (32) की जांघ में लगी। गोली के छर्रे रोहित राज के हाथ में लगे। दोनों खून से लथपथ हो गए। दोनों को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सोनिया जी आपके पाप को जनता माफ नहीं करेगी: शाह

### वंदे मातरम कैसे रोका, हम सबने देखा, शर्म बची है तो देश से माफी मांगें

**एजेंसी ▸▸ निंबाहेड़ा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के निंबाहेड़ा में कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। वंदे मातरम के 150वें साल पर पीएम मोदी ने लाल किले से वंदे मातरम को सम्मान वापस दिलाने का काम किया है।

शाह ने कहा- कांग्रेस की निर्लज्जता देखिए, कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने को कहा। यह गान फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, वो भी सोनिया जी को रास नहीं आता। गृह मंत्री ने कहा कि सोनिया जी 140 करोड़ की जनता आपको देख रही है। आपके द्वारा किया गया ये पाप इस देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### पंजाब में आतंकी हमला नाकाम अमृतसर में आईईडी बरामद

**अमृतसर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पंजाब के अमृतसर जिले में घटित होने वाली एक बड़ी आतंकी साजिश को फिलहाल जिला देहात पुलिस ने नाकाम कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 690 ग्राम आईईडी बरामद किया है। इस आईईडी के जरिए विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठान को निशाना बनाए जाने की योजना था।

### बंगाल में सीजेपी कार्यकर्ता के पिता की पिटाई से मौत

**बांकुड़ा।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में कॉकरोच जनता पार्टी कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता जनाब मफीक की 15 अगस्त को हमले में लगी गंभीर चोटों से मौत हो गई। सीजेपी के मुताबिक, मफीक 13 अगस्त को अपने गांव करिसुंडा के सरकारी स्कूल में सीजेपी के 'स्कूल ठीक करो' अभियान में शामिल हुए थे।

## कंटेनर में लगी भीषण आग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

प्रदेश के सिवनी जिले से जबलपुर की ओर आ रहे कंटेनर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बंजारी घाटी के समीप भीषण आग की चपेट में आ गया। रविवार सुबह 8.30 बजे वाहन में आग भड़कते ही सूझबूझ दिखाते हुए चालक ने कंटेनर को तुरंत सड़क के किनारे रोका और नीचे कूदकर अपनी जिंदगी बचा ली। देखते ही देखते आग की विकराल लपटों ने पूरे मालवाहक वाहन को अपनी जद में ले लिया और चारों तरफ काला धुआं छा गया। इस अप्रत्याशित घटना से व्यस्त सड़क पर आवाजाही कर रहे यात्रियों और चालकों में अचानक अफरा-तफरी मच गई।

#### राजस्थान में दर्दनाक सड़क हादसा

## बस की टक्कर से 4 की मौत

**एजेंसी ▸▸ झालावाड़**

राजस्थान के झालावाड़ के पातला पीर धार्मिक स्थल के पास शनिवार की देर रात प्राइवेट बस ने सड़क किनारे खड़े 6 श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। सभी दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। हादसे में 3 घायलों ने रात को ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल की मौत आज सुबह हुई है। वहीं, 2 की हालत अब भी गंभीर है। आशंका है कि बस बारिश-फिसलन के कारण ढलान पर बेकाबू हो गई थी। हालांकि, पुलिस ने घटना के कारणों की आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। आशंका है बारिश और फिसलन के कारण ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया था।

# भारत में एलपीजी किल्लत खत्म करने की तैयारी

## सरकार ने 21 कंपनियों के लिए तय किए टारगेट, रोजाना 63,810 टन गैस का उत्पादन होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

मिडिल ईस्ट में तनाव और युद्ध के कारण एलपीजी सप्लाई पर पड़े असर से सबक लेते हुए केंद्र सरकार ने पहली बार देश की सरकारी और प्राइवेट रिफाइनरीज व अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए एलपीजी उत्पादन के अधिकतम टारगेट तय कर दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 13 अगस्त को जारी आदेश में 21 कंपनियों के लिए कुल 63,810 टन प्रतिदिन एलपीजी उत्पादन की क्षमता और टारगेट निर्धारित किया है।

यह लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश में हुए कुल घरेलू एलपीजी उत्पादन (35,900 टन प्रतिदिन) से दोगुने से भी अधिक है और यह देश की कुल रोजाना खपत का लगभग 70% कवर करता है। जब भी बाजार में गैस की कमी या सप्लाई बाधित होगी, यह नया नियम तुरंत लागू हो जाएगा।



### रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी को सबसे बड़ा 18 हजार टन का टारगेट

- सरकार के आदेश के अनुसार, सबसे बड़ा हिस्सा प्राइवेट सेक्टर की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को दिया गया है। रिलायंस की गुजरात स्थित जामनगर की डोमेस्टिक-टैरिफ एरिया रिफाइनरी को रोजाना 18,000 टन एलपीजी तैयार करने का लक्ष्य मिला है।
- प्राइवेट सेक्टर की ही रूस के रोसनेफ्ट समर्थित नयारा एनर्जी की वाडीनार रिफाइनरी को रोजाना 4,480 टन एलपीजी उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया है।

### देश में 64% एलपीजी इम्पोर्ट पर निर्भरता बनी वजह

- वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में कुल 33.2 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई थी (लगभग 91,000 टन प्रतिदिन)। इसमें से केवल 13.1 मिलियन टन (35,900 टन प्रतिदिन) का उत्पादन ही देश में हुआ था, जबकि 21.3 मिलियन टन (58,400 टन प्रतिदिन) एलपीजी विदेश से मंगवानी पड़ी थी।
- इम्पोर्ट पर 64% से ज्यादा निर्भरता के कारण जब ईरान युद्ध के चलते स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज का रास्ता बाधित हुआ, तो भारत में सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई थी। भारत अपनी जरूरत का 90% इम्पोर्ट इसी समुद्री रास्ते से सऊदी अरब जैसे देशों से करता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## नैनो न्यूज

- गिरिराज की महिमा के साथ की गई श्री गिरनार महातीर्थ की यात्रा
- रित क्रांति के तहत 1001 पौधे लगाने का संकल्प, निनोरा हनुमान मंदिर में भी होगा आगामी पौधरोपण
- इंगोरिया चौपाटी के निकट शैल पब्लिक स्कूल में पूर्व आईएएस डॉ हीरालाल त्रिवेदी द्वारा 15 अगस्त को ध्वजारोहण कर स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया।
- अग्रनारायणी परिवार ने मनाया रानी सती दादी का भव्य झूलनोत्सव, सिंजारा तीज पर हुआ मंगल पाठ, महिलाओं ने भजनों पर किया नृत्य

## ट्रेंडिंग




# नागपंचमी से एक दिन पहले शहर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, चहुंओर जाम ही जाम

## बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़, कई प्रमुख मार्गों पर घंटों फंसे वाहन, खाकी अखाड़ा चौराहे पर स्थानीय लोगों ने संभाली यातायात व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागपंचमी पर्व से एक दिन पहले ही बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन और अपनी मनोकामना लेकर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के साथ शहर की यातायात व्यवस्था भी चरमराती नजर आई। चौपहिया वाहनों की पार्किंग हरिफाटक ब्रिज के समीप निर्धारित होने के बावजूद शहर के अनेक हिस्सों में दिनभर जाम ही जाम दिखाई दिया।

हरिफाटक ब्रिज के नीचे, गऊघाट मार्ग, गुदरी और गोपाल मंदिर क्षेत्र में वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। सबसे विकट स्थिति अंकपात मार्ग और खाकी अखाड़ा चौराहे पर देखने को मिली। यहां वाहनों की लंबी कतार लगी रही, लेकिन काफी देर तक यातायात अमला नजर नहीं आया। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय रहवासियों को स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात व्यवस्था संभालनी पड़ी।



### कलश यात्रा के बीच फंसे सैकड़ों वाहन

- खाकी अखाड़ा रोड पर ग्रामीण क्षेत्र से महिलाओं की कलश यात्रा महाकाल मंदिर की ओर जा रही थी। खाकी चौक से आगे बढ़ रही सैकड़ों महिलाओं के कारण मार्ग पर वाहनों का दबाव और बढ़ गया। चौराहे पर काफी देर तक वाहन जाम में फंसे रहे।
- इसी दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया गया कि एक वीआईपी न्यायाधीश की कार भी जाम में फंसी रही। स्थानीय लोगों ने मोर्चा संभालकर वाहनों को निकालना शुरू किया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सुचारू हो सका।

### महाकाल पहुंच मार्ग भी प्रभावित

महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर भी वाहनों का दबाव बना रहा। कई वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। दूसरी ओर महाकाल मंदिर में ड्यूटी पूरी करने के बाद पुलिसकर्मियों और सिक्योरिटी स्टाफ को भी नीलकंठ द्वार के समीप स्थित पार्किंग से अपने वाहन निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ा। नीलकंठ द्वार के बाहर सुबह से ही महाकाल मंदिर की ओर पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं की कतार बनी रही। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और सड़कों पर वाहनों का दबाव भी बढ़ता चला गया।

### यातायात व्यवस्था की परीक्षा

नागपंचमी पर हर वर्ष देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं। इस बार पर्व से एक दिन पहले ही शहर की यातायात व्यवस्था की स्थिति ने आगामी दिनों की चुनौती का संकेत दे दिया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस की मौजूदगी और प्रमुख चौराहों पर प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन की जरूरत महसूस हुई। लेकिन खाकी अखाड़ा चौराहे जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर लंबे समय तक यातायात जवानों की अनुपस्थिति ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। नागपंचमी से एक दिन पहले ही जब शहर के प्रमुख मार्गों पर घंटों जाम की स्थिति बन गई, तो आने वाले दिनों में उमड़ने वाली भारी श्रद्धालु भीड़ के बीच यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## होटल, लॉज व गेस्ट हाउस हुए फुल, खुले में ठहरने को मजबूर श्रद्धालु

सावन माह के धार्मिक महत्व, नागपंचमी महापर्व और श्रावण सोमवार के संयोग ने श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की ओर खींच लिया। देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु दर्शन की आस लेकर एक-दो दिन पहले ही शहर में पहुंचने लगे। रविवार और वीकेंड होने से भी श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक इजाफा हुआ। शनिवार रात से ही शहर में धर्मालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ती रही। रविवार दोपहर तक शहर के अधिकांश होटल, लॉज और गेस्ट हाउस फुल हो गए। बाहर से आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कमरे तो दूर सामान रखने के लिए भी जगह तलाशना मुश्किल हो गया। कई लोग कमरे की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आए, जबकि कुछ श्रद्धालु खुले स्थानों पर ही ठहरने को मजबूर दिखाई दिए।

### रूम रेट दोगुने-तिगुने

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ का असर होटल और गेस्ट हाउस के किरायों पर भी नजर आया। महाकाल और हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र के आसपास दो दिन पहले से ही कमरों के किराए सामान्य दिनों की तुलना में दोगुने-तिगुने तक पहुंच गए। सामान्य दिनों में करीब 1000 रुपए में मिलने वाला साधारण कमरा नागपंचमी से पहले 2000 से 3000 रुपए तक में उपलब्ध कराया जा रहा था।

### सामान रखने के भी 500 रुपए

महाकाल और हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र में भीड़ बढ़ने के साथ सामान सुरक्षित रखने के नाम पर भी श्रद्धालुओं से राशि वसूले जाने की शिकायतें सामने आईं। स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों द्वारा बैग, सूटकेस व अन्य सामान रखने के लिए करीब 500 रुपए तक लिए जाने की बात सामने आई। रविवार शाम तक स्थिति यह हो गई कि अधिक किराया देने को तैयार श्रद्धालुओं को भी होटल और गेस्ट हाउस में कमरे मिलना मुश्किल हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब नागपंचमी और श्रावण सोमवार को बाबा महाकाल के दर्शन के लिए व्यवस्थाओं के सहारे रात गुजारने की तैयारी में नजर आए।

## कालिदास मांटेसरी स्कूल ऋषिनगर में पार्षद आभा कुशवाह ने किया ध्वजारोहण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

80वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में कालिदास मांटेसरी स्कूल ऋषिनगर में नगर निगम पार्षद वार्ड क्र. 49 आभा कुशवाह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष माणकलाल गिरिया ने की। कार्यक्रम में संस्था के यशवंत जैन सर और डॉ. दिनेश शाह सर, प्राचार्या श्रीमती छाया पंड्या भी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी और देशभक्ति भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए। मुख्यि अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपा गोयल ने किया तथा आभार डॉ. दिनेश शाह द्वारा माना गया, कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण किया गया।

## आज नागपंचमी पर श्रद्धालुओं को मिलेगी निःशुल्क स्नान-शौचालय की सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागपंचमी एवं सावन माह में उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। महाकाल मंदिर क्षेत्र में अन्न क्षेत्र के पास त्रिवेणी संग्रहालय के सामने कार्टेज के रूप में अस्थाई सुलभ सुविधा तथा कर्कराज मंदिर पार्किंग क्षेत्र में अस्थाई स्नान एवं शौचालय की व्यवस्था की गई है। इन सुविधाओं का उपयोग श्रद्धालु निःशुल्क कर सकेंगे। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए कुल 60 यूनिट अस्थाई सुलभ सुविधा का निर्माण किया जा रहा है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने नागपंचमी के अवसर पर त्रिवेणी संग्रहालय के सामने श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार, 17 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### उत्कृष्ट योगदान के लिए अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सम्मानित

**इंदौर।** राज्य एवं केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा जनगणना संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंदौर जिले के अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने श्री पवार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों तथा जनगणना कार्यों में बेहतर समन्वय, दक्षता और उत्कृष्ट योगदान दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके उल्लेखनीय कार्यों और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

### मंत्री सिलावट ने बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होने के पश्चात वे शासकीय स्कूल किला मैदान के बच्चों के बीच पहुंचे। यहाँ उन्होंने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बेग, कम्पास और अन्य पठन-पाठन सामग्री वितरित की। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, एमआईसी सदस्य श्री नंदु पहाड़िया, जनपद अध्यक्ष कान्हा पटेल, पार्षद राहुल जायसवाल सहित अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे।

### 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्वक संपन्न

**इंदौर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर के परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर द्वारा आकाश में गुब्बारे छोड़े गए। इस अवसर पर न्यायमूर्ति संदीप एन भट्ट, न्यायमूर्ति विनय सराफ, न्यायमूर्ति राजेन्द्र कुमार वाणी, न्यायमूर्ति गजेन्द्र सिंह, जय कुमार पिल्लई, न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी, सेवानिवृत्त न्यायमूर्तिगण, न्यायमूर्तिगण, न्यायमूर्ति गण के परिवारजन, जिला न्यायालयों के न्यायाधीशगण, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### जाप में गूंजा नवकार मंत्र, श्रद्धा से सराबोर हुआ माहौल



**इंदौर।** जैन युवा परिषद के तत्वावधान में रविवार को आयोजित भव्य नवकार जाप श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम संगम बन गया। सामूहिक नवकार मंत्र जाप की दिव्य ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में समाजजन अपने परिवारों सहित आयोजन में शामिल हुए और मंत्र जाप के माध्यम से आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम में वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ, महावीर नगर के अध्यक्ष अशोक डांगी, अरविंदजी बाफना, सचिव अजीतजी चौधरी, अशोकजी सुराणा, विजयजी नाहर, सोभागमलजी झामड़, वीरेंद्रजी सुराणा, वीरेंद्रजी मारू सहित अनेक गणमान्य समाजजन उपस्थित रहे। वहीं विमलजी तांतेड़ की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा और बढ़ा दी। जैन युवा परिषद के अध्यक्ष विकासजी भंडारी, विक्रमजी श्रीमाल, सचिव रितेश बाफना, हर्ष मेहता, रवि बाफना, निलेश चौहान एवं रितेश पोखरना सहित परिषद के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन के लाभार्थी हर्षिल, बसंतीलालजी एवं विकासजी भंडारी परिवार रहे। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में नवकार मंत्र का जाप कर विश्व शांति, सद्भाव एवं मंगल की कामना की।

## नैनो न्यूज

- **आंदोलन से किराया बढ़ोतरी वापस-** विदिशा जिले के सिरोंज में छात्राओं के विरोध के बाद निजी बस संचालकों ने स्कूल बस किराया 10 से बढ़ाकर 25 रुपए करने का फैसला वापस लिया।
- **भोपाल में बारिश से मिली राहत-** लगातार चार रात की भारी बारिश के बाद भोपाल में बारिश का दौर कुछ थमा। हालांकि मौसम विभाग ने आगे फिर बारिश की संभावना जताई है।
- **दाल मिलों का कारोबार प्रभावित-** मंडी शुल्क से लागत बढ़ने पर प्रदेश की दाल मिलों ने उत्पादन और शिफ्ट घटाई। मिलर्स के अनुसार कारोबार में करीब 20 प्रतिशत कमी आई।
- **एमपी की दाल हुई महंगी-** मिलर्स का कहना है कि मंडी शुल्क के कारण मध्यप्रदेश में प्रोसेस की गई दाल पड़ोसी राज्यों की तुलना में महंगी हो रही है।
- **कूनो के चीते राजस्थान पहुंचे-** कूनो राष्ट्रीय उद्यान के कुछ चीते बार-बार राजस्थान की सीमा में जा रहे हैं। विशेषज्ञ उनके प्राकृतिक विचरण और नए क्षेत्रों की तलाश को कारण मान रहे हैं।
- भोपाल-विदिशा फोरलेन को मंजूरी- मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने भोपाल-विदिशा सड़क को फोरलेन बनाने की मंजूरी दी। 44.83 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट पर करीब 1,757 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### महाकाल के दरबार में 6.57 लाख श्रद्धालु पहुंचे ,15 अगस्त ने पिछले 4 साल के रिकॉर्ड ध्वस्त किये

# एक दिन में 1.62 करोड़ रुपए की आय, 122 क्विंटल लड्डू बिके

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शुक्रवार को बाबा महाकाल के दरबार में इतिहास बन गया। देशभर से आए 6 लाख 57 हजार 218 श्रद्धालुओं ने एक दिन में दर्शन किए। ये आंकड़ा बीते 4 साल में सबसे ज्यादा है। इससे पहले इतनी भीड़ महाशिवरात्रि 1 मार्च 2022 को देखी गई थी, तब 6.21 लाख भक्त पहुंचे थे। 15 अगस्त ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

भाद्रपद, छुट्टी और तिरंगा यात्रा के चलते सुबह 3 बजे से ही नगरी जय श्री महाकाल के जयकारों से गूंज उठी थी। मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार हेड काउंटेबिल आंकड़ों के मुताबिक 15 अगस्त 2026 को 6,57,218 दर्शन हुए। कोविड के बाद 2022 की महाशिवरात्रि के बाद पहली बार 6 लाख का आंकड़ा पार हुआ है। रिकॉर्ड भीड़ के साथ मंदिर की आय भी रिकॉर्ड पर पहुंची। श्रद्धालुओं ने 122.165 क्विंटल लड्डू खरीदे। इससे आय 54,69,800 शीघ्र दर्शन के लिए ऑनलाइन टिकट 27,953 श्रद्धालु ने लिए जिससे 69,88,250 की आय हुई है। इसी तरह से शीघ्र दर्शन काउंटर टिकट 15,200 श्रद्धालु ने लिए जिससे 38,00,000 आय हुई। इस प्रकार शीघ्र दर्शन के टिकिट से कुल 1,07,88,250 टिकट आय हुई। मंदिर प्रबंध समिति को इस प्रकार 15 अगस्त पर एक दिन की कुल आय 1,62,58,050 हुई है।

### पिछले 4 वर्ष में सर्वाधिक

इससे पूर्व मंदिर में 1 मार्च 2022 झ्र महाशिवरात्रि को 6 लाख 21हजार श्रद्धालु पहुंचे थे। 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर 5लाख 89के करीब श्रद्धालु पहुंचे थे ।15 अगस्त 2023 को 5 लाख 42 हजार श्रद्धालु पहुंचे थे।

### व्यवस्था के लिए 500 जवान, 3 शिफ्ट में सफाई

इतनी भीड़ के चलते प्रशासन ने फुलप्रूफ इंतजाम किए हैं। मंदिर में सुरक्षा कर्मी 500 तैनात किए गए हैं। 4 लेयर बैरिकेड, ड्रोन से निगरानी के साथ ही सुबह शाम स्नीफर डाग यहां पहुंचकर जांच को अंजाम दे रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 50 वाटर कूलर, 10 मेडिकल कैंप, 200 सफाईकर्मीलगे हुए हैं। भगवान के दर्शनों का सिलसिला तडके 4 बजे से रात 10 बजे तक लगातार चलता है।

### विकास प्राधिकरण की पहली कॉलोनी में प्रवेश करना दुष्कर हुआ

# ऋषि नगर का प्रवेश द्वार ही अतिक्रमण से पटा

### पेट्रोल पंप की लाइन , ठेले-गुमटियों से 50 मीटर तक बाधा, सर्विस रोड पर भी कब्जा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर की सबसे पुरानी और व्यवस्थित कॉलोनी ऋषि नगर का मुख्य प्रवेश मार्ग ही बाधाओं के हाल में आ चुका है। हालत यह है कि यहां दिन के पूरे समय ही अस्थायी अतिक्रमण से यह प्रवेश मार्ग बाधाओं से पटा रहता है। प्रवेश के मुहाने पर बाधा होने से देवास रोड तिराहा पर दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। छोटी मोटी दुर्घटना यहां आम हो चुकी है।

1977 में विकास प्राधिकरण की पहली परियोजना के रूप में बसी इस कॉलोनी का मुख्य प्रवेश द्वार ही अतिक्रमण से पट गया है। देवास रोड से ऋषि नगर आने-जाने वाले हजारों रहवासियों को रोज जाम, दुर्घटना और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम और प्राधिकरण की अनदेखी से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

मुख्य मार्ग पर बाधाओं के कारण अब ऋषि नगर के रहवासियों को वैकल्पिक मार्ग और तंग गलियों से प्रवेश करने को मजबूर हैं। तंग रास्तों पर दोपहिया-चारपहिया आमने-सामने, बच्चे-बुजुर्गों को खतरा। इससे समय की बबार्दी भी हो रही है और समस्याओं से दो-चार होने के हाल तो है हीं।

### एक नहीं, अनेक बाधाएं

देवास रोड से ऋषि नगर का मुख्य रास्ता वही है जो कॉलोनी की पहचान है। लेकिन यहां अब 3 बड़ी बाधाएं खड़ी हो गई हैं:

1. **पेट्रोल पंप की लंबी लाइन:** विकास प्राधिकरण ने विशाला क्षेत्र के निर्माण के समय कॉर्नर पर व्यावसायिक भूखंड आरक्षित किया था। यहां पेट्रोल पंप बन गया। अब यहां सीएनजी वाहनों की लंबी कतारें कालोनी के प्रवेश मार्ग को ही बाधित कर रहे हैं। कालोनी के रहवासियों के लिए पेट्रोल पंप की सुविधा अब दुविधा में परिवर्तित हो रही है। सीएनजी वाहनों की कतार पेट्रोल पंप संचालक प्रवेश मार्ग एवं सर्विस रोड पर ही करवा रहा है इसकी बजाय पेट्रोल पंप के पीछे के हिस्से में पूरी सडक खाली पडी रहती है जिसका उपयोग ही नहीं है।
2. **ठेले-गुमटियों का कब्जा:** पिछले कुछ वर्षों से मुख्य मार्ग पर ही ठेले और अस्थाई गुमटियां लगना शुरू हुईं। अब ये करीब 50 मीटर तक मार्ग पर कालोनी के अंदर की ओर फैल चुकी हैं। संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इनके आकार में भी रातों रात विस्तार होता है। शुरूआत में ये मार्ग के अंदर फूटपाथ के आकार में थी उसके बाद धीरे-धीरे सुरसा की तरह मुख्य मार्ग की ओर बढती ही जा रही है।खरीदारी के वाहनः ठेलों से सामान खरीदने आने वाले लोग वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। नतीजतन रास्ता पूरी तरह जाम हो जाता है।

### निगम की नजरअंदाजी, समाधान नहीं

ऋषि नगर 1977 में बसी थी। इसे व्यवस्थित आवासीय कॉलोनी के रूप में विकसित किया गया था। समय के साथ विशाला क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग पर ही व्यवसायिक दुकानों का प्रचलन हो गया। ऐसे में मार्ग पर बाधाओं के हाल बन गए। आवासीय स्थिति के भूखंडों पर व्यवसायिक स्थिति की परेशानी यहां लंबे समय से कायम हो चुकी है। इस क्षेत्र से आसपास के कई क्षेत्र जुड़ने से आबादी कई गुना बढ़ी,लेकिन नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने में रुचि नहीं दिखाई है तो विकास प्राधिकरण भी लीज की शर्तों के उल्लंघन के मामलों में खाली हाथ ही है। रहवासियों का कहना है कि मुख्य प्रवेश मार्ग को तुरंत अतिक्रमण मुक्त किया जाए। पेट्रोल पंप के सामने वाहन कतार के लिए अलग व्यवस्था हो। सर्विस रोड से अस्थाई अतिक्रमण पर रोक लगाई जाए। ठेले-गुमटियों को वैकल्पिक वेंडिंग जोन में ले जाया जाए।

### सर्विस रोड पर भी कब्जा

पेट्रोल पंप के सामने देवास रोड से लगा सर्विस रोड भी बना है। नियमों के अनुसार ये आपातकालीन और सुगम आवागमन के लिए है। लेकिन यहां भी स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण बना रहता है। ठेले, गाड़ियों की पार्किंग और सामान रखने से सर्विस रोड भी बंद है। मुख्य मार्ग के साथ सर्विस रोड के हाल भी बदतर हो गए हैं। इसके चलते वैकल्पिक मार्ग से रहवासियों को प्रवेश के लिए मजबूर होना पड रहा है।

**विकास प्राधिकरण लगाए व्यवस्थित नक्शा-** शहर की सबसे व्यवस्थित और बडी कालोनी ऋषिनगर में अक्सर आगंतुक पता पूछते रहते हैं। पूर्व में प्रवेश मार्ग पर ही विकास प्राधिकरण ने व्यवस्थित नक्शे का बडा बोर्ड बनाकर लगाया था। समय के साथ यह सड गया और अपने स्थान से गायब हो गया। सिंहस्थ 28 को देखते हुए यहां पूर्ववत कालोनी के नक्शा का बोर्ड बनाकर लगाया जाना आवश्यक बन पडा है। खास बात यह है कि कालोनी सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों की शहर में सबसे बडी बस्ती के रूप में है।

### वायरल वीडियो ने बढ़ाई सियासी हलचल

# भोपाल में शिवराज के सामने लगे वापस आ जाओ के नारे?

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**



मध्यप्रदेश की राजनीति में एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोगों के बीच नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ किए जा रहे दावे में कहा गया है कि भीड़ की ओर से उन्हें वापस आ जाओ कहा गया।

सोशल मीडिया पोस्ट में इस घटना को मौजूदा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की लोकप्रियता और सरकार के प्रति जनता के कथित असंतोष से जोड़कर सवाल उठाए जा रहे हैं। पोस्ट में पूछा गया है कि क्या तीन साल बाद भी मध्यप्रदेश की जनता शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है।

हालांकि, वायरल वीडियो के संदर्भ, स्थान, तारीख और उसमें कही जा रही बातों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। इसलिए सोशल मीडिया के दावे को राजनीतिक निष्कर्ष के रूप में देखना जल्दबाजी होगी।

गौरतलब है कि शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव के बीच सार्वजनिक रूप से राजनीतिक संवाद और मुलाकातें होती रही हैं। मार्च 2026 में भी मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी।

# मनीष सिंह पर अतिरिक्त कार्यभार, जनसंपर्क से रवानगी लगभग तय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्यप्रदेश की प्रशासनिक जमावट में जल्द एक और महत्वपूर्ण बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीष सिंह पर लगातार बढ़ते विभागीय दायित्वों के बीच अब उनकी जनसंपर्क आयुक्त पद से रवानगी लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि अंतिम निर्णय के लिए प्रशासनिक आदेश का इंतजार है। मनीष सिंह के पास इस समय कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। वे प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार से जुड़े दायित्व संभाल रहे हैं। इसके अलावा ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास है। परिवहन विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व भी उनके कार्यक्षेत्र में रहे हैं। फरवरी 2026 में उन्हें जनसंपर्क आयुक्त बनाए जाने के साथ परिवहन से जुड़े अतिरिक्त प्रभार दिए गए थे। जनसंपर्क विभाग में मनीष सिंह की भूमिका फिलहाल आयुक्त जनसंपर्क की है। जनसंपर्क संचालनालय की आधिकारिक संपर्क सूची में उनका नाम आयुक्त के रूप में दर्ज है, जबकि अरविंद कुमार दुबे संचालक के पद पर हैं।

### अतिरिक्त प्रभार बढ़े, अब एक जिम्मेदारी कम होने के संकेत

मनीष सिंह को लगातार महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी मिलना सरकार में उनकी प्रशासनिक उपयोगिता को दशार्ता है। लेकिन एक अधिकारी के पास इतने महत्वपूर्ण विभाग होने के बीच जनसंपर्क जैसे अत्यधिक सक्रिय विभाग की जिम्मेदारी बनाए रखना प्रशासनिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में संभावित फेरबदल में जनसंपर्क की प्रशासनिक जिम्मेदारी किसी दूसरे अधिकारी को सौंपे जाने की संभावना जताई जा रही है। इससे मनीष सिंह अपने प्रमुख सचिव स्तर के विभागों पर अधिक ध्यान दे सकेंगे और जनसंपर्क के लिए अलग प्रशासनिक नेतृत्व उपलब्ध होगा।

### जनसंपर्क विभाग सीएम के पास

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे अहम पहलू यह है कि जनसंपर्क विभाग स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास है। ऐसे में विभाग की राजनीतिक कमान मुख्यमंत्री के हाथ में है, जबकि प्रशासनिक संचालन आयुक्त जनसंपर्क के माध्यम से होता है। जुलाई 2026 की एक विस्तृत राजनीतिक रिपोर्ट में भी मुख्यमंत्री के पास जनसंपर्क सहित कई विभाग होने का उल्लेख किया गया है। यही वजह है कि मनीष सिंह के पास एक साथ तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, ऊर्जा और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व होने के बीच जनसंपर्क आयुक्त की जिम्मेदारी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर नए सिरे से विचार की संभावना जताई जा रही है।

**आदेश का इंतजार-** फिलहाल जनसंपर्क संचालनालय की आधिकारिक सूची में मनीष सिंह ही आयुक्त हैं। इसलिए उनकी रवानगी को अभी आधिकारिक निर्णय नहीं कहा जा सकता। लेकिन मुख्यमंत्री के पास स्वयं जनसंपर्क विभाग, मनीष सिंह के पास लगातार बढ़ते अतिरिक्त दायित्व और विभाग में वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था की संभावनाओं को देखते हुए भोपाल के प्रशासनिक गलियारों में उनकी जनसंपर्क से रवानगी की चर्चा तेज है।

### छोटा बांगड़दा का तालाब तो आगे है, पहले सड़क का तालाब पार करो



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वार्ड क्रमांक 16 में छोटा बांगड़दा रोड को सुपर कॉरिडोर रोड से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत बारिश होते ही बदहाल हो जाती है। जरा सी बारिश में सड़क पर जगह-जगह पानी जमा होकर तालाब जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# दतिया हार के बाद मंथन तेज, दिल्ली दरबार में एमपी के नेताओं की सक्रियता बढ़ी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद मध्यप्रदेश भाजपा में संगठनात्मक स्तर पर मंथन का दौर तेज हो गया है। हार के कारणों की समीक्षा के साथ ही प्रदेश संगठन में कसावट लाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए बदलाव की संभावनाओं पर चर्चा शुरू हो गई है।

दतिया उपचुनाव के परिणाम के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल गुरुवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में हुई बातचीत को प्रदेश भाजपा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, मुलाकात में दतिया विधानसभा उपचुनाव में हार के कारणों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेतृत्व को चुनाव के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की गतिविधियों, टिकट वितरण से लेकर चुनाव परिणाम तक की स्थिति और हार के प्रमुख कारणों की जानकारी दी।

### दिल्ली में बढ़ी मध्यप्रदेश के नेताओं की सक्रियता

दतिया की हार के बाद मध्यप्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकातों का सिलसिला भी राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेताओं की केंद्रीय नेतृत्व से अलग-अलग मुलाकातों को मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा को दतिया से टिकट नहीं मिलने का मुद्दा भी भाजपा के अंदर चर्चा में बना हुआ है।

### संगठन में बदलाव की अटकलें

दतिया के परिणाम के बाद भाजपा प्रदेश संगठन की ओर से विस्तृत रिपोर्ट दिल्ली भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। अब प्रदेश अध्यक्ष की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद संगठन में बदलाव की अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि अभी किसी बड़े बदलाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी के अंदर जिम्मेदारियों में फेरबदल, संगठन को अधिक सक्रिय बनाने और जमीनी स्तर पर कार्यकताओं के साथ समन्वय मजबूत करने को लेकर मंथन जारी माना जा रहा है।

### क्या केवल दतिया की हार है वजह?

राजनीतिक तौर पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दतिया उपचुनाव का परिणाम केवल स्थानीय चुनावी हार के रूप में देखा जा रहा है या भाजपा नेतृत्व इसे मध्यप्रदेश संगठन की कार्यप्रणाली के संकेत के तौर पर भी देख रहा है। वरिष्ठ नेताओं की दिल्ली सक्रियता के बीच यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी से संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की तैयारी कर सकती है। हालांकि, इन मुलाकातों को सीधे मुख्यमंत्री परिवर्तन से जोड़ना फिलहाल जल्दबाजी होगी। उपलब्ध घटनाक्रम से इतना जरूर संकेत मिलता है कि दतिया की हार ने मध्यप्रदेश भाजपा के भीतर संगठन, नेतृत्व और चुनावी रणनीति को लेकर गंभीर समीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब निगाह इस बात पर है कि राष्ट्रीय नेतृत्व की समीक्षा के बाद मध्यप्रदेश भाजपा में कौन से चेहरे बदलते हैं, किन नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलती है और संगठन में किस स्तर तक फेरबदल किया जाता है।

**दिल्ली दौड़ के मायने तलाश रहा राजनीतिक गलियारा-** मध्यप्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं का एक साथ दिल्ली सक्रिय होना ऐसे समय में हुआ है, जब दतिया उपचुनाव का परिणाम पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसलिए मोदी और शाह से हुई मुलाकातों को सामान्य शिष्टाचार मुलाकातों से जोड़ने के बजाय प्रदेश की राजनीतिक और संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है।

### मोदी-शाह से मुलाकातों ने बढ़ाई सियासी हलचल

मध्यप्रदेश भाजपा में दतिया विधानसभा उपचुनाव के नतीजे के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के कई बड़े भाजपा नेताओं की दिल्ली सक्रियता ने राजनीतिक चचाओं को और हवा दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकातों को लेकर प्रदेश की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सबसे प्रमुख मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रही। रिपोर्टों के अनुसार दतिया उपचुनाव में भाजपा को मिली हार के बाद 4 अगस्त को मोदी और शिवराज की मुलाकात हुई। दतिया के नतीजे को प्रदेश संगठन और आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।इसी दौरान पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की भी दिल्ली सक्रियता चर्चा में रही। उपलब्ध रिपोर्टों में उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का उल्लेख है। वहीं प्रदेश के वरिष्ठ नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने की खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के संपर्क में रहे हैं। उनकी अमित शाह से मुलाकात की खबरें सामने आई हैं और कुछ रिपोर्टों में दिल्ली में उनकी एक से अधिक मुलाकातों का उल्लेख है। इससे प्रदेश सरकार और संगठन से जुड़े मुद्दों पर केंद्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा को लेकर राजनीतिक अटकलें तेज हुई हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात करने वाले प्रमुख नेताओं में सामने आया है। हालांकि उनकी दिल्ली यात्राओं का एक हिस्सा संसदीय एवं संगठनात्मक गतिविधियों से भी जुड़ा रहा है, इसलिए हर दिल्ली यात्रा को राजनीतिक मुलाकात के रूप में देखना उचित नहीं होगा।

न्यूज कालम



## कलेक्टर एवं एसपी ने सांदीपनी विद्यालय टेमला में पौधारोपण किया

**खरगोन।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की सभी शालाओं में बच्चों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया था। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक श्री रवींद्र वर्मा ने सांदीपनि विद्यालय टेमला में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, डीएफओ श्री रमेश राठौर, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री वीरेंद्र कटारे, एसडीएम श्री सत्येन्द्र बैरवा, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्रीमती कविता आर्य, जिला शिक्षा अधिकारी श्री तेजसिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने बच्चों से उन्हें मध्यान्ह भोजन में प्रतिदिन दिये जाने वाले भोजन की जानकारी ली और यह भी पूछा कि प्रतिदिन भोजन कितने समय दिया जाता हैं। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के संबंध में भी जानकारी ली। मध्यान भोजन से पूर्व कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक श्री रवींद्र वर्मा ने अन्य अधिकारीयो के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

## न्यायालय सनावद में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**सनावद।** न्यायालय सनावद परिसर में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात न्यायाधीश योगेश चालीसा, सुश्री आकांक्षा गर्ग एवं मोहम्मद असलम देहलवी ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति सम्मान एवं निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर न्यायाधीशों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। लंबे संघर्ष और हजारों वीरों के बलिदान के बाद देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली। आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह हमारे वीर जवानों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं के त्याग एवं बलिदान का परिणाम है। हमें उनके योगदान को सदैव याद रखना चाहिए।कार्यक्रम में श्वेता माहेश्वरी, जे.के. यादव, एजीपी गोपाल चौहान सहित अधिवक्ता गण, न्यायालय कर्मचारी, न्यायालय खंडपीठ सदस्य एवं वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का वातावरण नजर आया।

## एडीआर भवन में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर एवं प्रधान न्यायाधीश अमित जोशी के निदेर्शानुसार च्उल्लास–एक अभिनव प्रयोगज कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय एडीआर भवन (मध्यस्थता केंद्र), सनावद में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर न्यायाधीश असलम दहलवी, योगेश चालीसा एवं आकांक्षा गर्ग सहित न्यायालयीन अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। न्यायाधीशों ने पौधों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है। पौधों में समय-समय पर पानी देने, खाद डालने तथा उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों की नियमित देखभाल करने की बात कही। इस अवसर पर सम्माननीय अधिवक्ता गण, न्यायालय कर्मचारी तथा न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया एवं संदीप बेसवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कृषि उपज मंडी बंपर ड्रा में नागझिरी के किसान को मिला ट्रेक्टर



**खरगोन।** कृषि उपज मंडी में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस पर कृषि विपणन पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। ड्रॉ में वर्ष 2020-21 से वर्तमान तक जारी जारी किए गए 6,894 कूपन शामिल किए गए। इन कूपन में 21 भाग्यशाली किसान चुने गए। योजना के तहत 20 किसानों 2 लाख 8 हजार रुपए की नकद राशि दी गई, जबकि बंपर ड्रॉ में 35 एचपी का ट्रैक्टर दिया गया। उल्लेखनीय है कि पुरस्कार योजना करीब 5 साल बाद शुरू की गई है। कोरोना काल से बंद योजना के दोबारा शुरू होने से किसानों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान एक बड़े से तपेले में इन कूपन को इकट्ठा किया गया। इसके बाद किसानों के हाथों से ही कूपन निकलवाए गए। ट्रैक्टर के विजेता ग्राम नागझिरी के पुरुषोत्तम सोलंकी रहे। इनका कूपन नंबर 11329 पहाड़सिंगपुरा की ३ वर्षीय नन्हीं बच्ची गौरी डंडीर ने निकाला। ड्रॉ विजेता की घोषणा मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने की। अपनी उपज मंडी में ही बेचें। विशेष अतिथि के रूप में भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष सदाशिव पाटीदार, समाजसेवी संतोष पाटीदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र पाटीदार आदि उपस्थित थे।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जूनापानी में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन



जूनापानी। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, जूनापानी, जिला खरगोन में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष, उल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थिति एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया।

तिरंगे के सम्मान में लगाए गए देशभक्ति के नारों से पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। इसके बाद ध्वज गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह में विद्यालय के विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट के पश्चात विद्यार्थी एवं अतिथि सभागृह पहुंचे, जहां मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। झिर्नल द्वारा हिंदी भाषण प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रप्रेम एवं देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं कक्षा नौवीं की छात्रा छवि ने प्रभावशाली अंग्रेजी भाषण प्रस्तुत किया। के.के. सर एवं तनिष्का पाटीदार ने युगल बंदिश की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत तथा कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य एवं माइम की प्रस्तुति दी गई। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रनिर्माण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कक्षा नौवीं की छात्रा प्रनीति का कन्नड़ भाषा में दिया गया भाषण रहा। इसके पश्चात कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा नृत्य तथा कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

भूमिका मैडम की नृत्य प्रस्तुति ने भी सभी का मन मोह लिया। समारोह में रूह्लष्ठ सर ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन, मेहनत एवं जिम्मेदारी का महत्व समझाया। इसके बाद क्क. स्द्बह्र ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## सुचेता सतीश ने 8 भाषाओं में राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर सभी कोमंत्रमुग्ध किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर का अनहद आनंद ऑडिटोरियम देशभक्ति से सराबोर हो गया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक एवं विश्वप्रसिद्ध बहुभाषी गायिका सुचेता सतीश ने यहां आयोजित विशेष संगीत समारोह में 8 भाषाओं में "वंदे मातरम" प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 155 से अधिक भाषाओं में गायन के लिए प्रसिद्ध सुचेता सतीश की प्रस्तुति को सुनने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वंदे मातरम" के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में सुचेता सतीश ने "वंदे मातरम बियॉन्ड बॉर्डर्स" शीर्षक से विशेष बहुभाषी प्रस्तुति दी। भारत की अद्भुत भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाने वाली इस पहल का उद्देश्य एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव के संदेश को सीमाओं से परे पहुंचाना है। इस गीत का औपचारिक विमोचन मेक्रो विजन एकेडमी के संस्थापक एवं अध्यक्ष *श्री आनंद प्रकाश चौकसे* के करकमलों द्वारा किया गया। संगीत समारोह में सुचेता सतीश ने "ए मेरे वतन के लोगों" जैसे अत्यंत लोकप्रिय देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सबसे खास बात रही विद्यार्थियों की फरमाइश पर गीत गाना। विद्यार्थियों ने जिस भाषा-बोली में गीत सुनने की इच्छा जताई, सुचेता ने उसी में गाकर सबको चौंका दिया। उनकी यह अद्वितीय प्रतिभा देखकर पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा। सुचेता सतीश की असाधारण बहुभाषी संगीत यात्रा की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी की जा चुकी है।

## नेहरू स्टेडियम में गरिमामय माहौल में मना स्वतंत्रता दिवस, कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



15 अगस्त को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह गरिमामय और देशभक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" और राष्ट्रगान "जन-गण-मन" के साथ हुई। समारोह में भोपाल से प्रसारित मुख्यमंत्री *डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम स्वाधीनता संदेश का लाइव प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम माक, जिला अध्यक्ष मनोज माने, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, डीएफओ श्री विद्याभूषण सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस बधाई संदेश का वाचन कर जिलेवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले में संचालित विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी भी दी।

समारोह के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों से आत्मीय भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। परेड कमांडर से भी परिचय प्राप्त किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों से पूरे स्टेडियम को राष्ट्रभक्ति से भर दिया। मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## नवांकुर सखी हरियाली यात्राः हाथों में पौधे लेकर निकली रैली

**नेपानगर।** नवांकुर सखी हरियाली अमावस्या महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को नेपानगर में श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा भव्य हरियाली रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हर घर में पौधारोपण को बढ़ावा देना था। हरियाली यात्रा डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे से शाम 4 बजे शुरू होकर मातापुर बाजार होते हुए पुनः बाबा साहेब प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं हाथों में पौधे लेकर "हर घर पेड़ लगाएं" के नारे लगाते हुए चल रही थीं। रैली का समापन श्रद्धा बुद्ध विहार में पौधारोपण के साथ हुआ। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मनीष कुवादे ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रत्येक महिला को "हरियाली सखी" के रूप में 11 पौधे भेंट किए गए। साथ ही उन्हें पौधों की देखभाल करने और अन्य महिलाओं को भी इस मुहिम से जोड़ने का संकल्प दिलाया गया।

## विशाल तिरंगा यात्रा में उमड़ा देश भक्ति का माहौल

**सनावद।** स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सनावद नगर में देशभक्ति का अदभूत नजारा देखने को मिला। विधायक सचिन बिरला के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। सैकड़ों वाहनों और हाथों में लहराते तिरंगों के साथ निकली यात्रा ने पूरे नगर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक वाहनों के काफिले के साथ यात्रा में शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का उत्साह के साथ स्वागत किया।यात्रा की खास बात यह रही कि पुलिसकर्मी भी अपने वाहनों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव अपने दल-बल के साथ यात्रा में शामिल रहे।



## 30 वर्षों की सैन्य सेवा के बाद सूबेदार राजेंद्र बामनिया का बाग में स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

भारतीय सेना में करीब 30 वर्षों तक गौरवपूर्ण सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त सूबेदार राजेंद्र बामनिया के बाग नगर आगमन पर नगरवासियों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ रैली निकालकर जगह-जगह पुष्प वर्षा की तथा सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों सहित नगरवासियों ने उनका सम्मान किया।

राजेंद्र बामनिया ने वर्ष 1998 में भारतीय सेना में सेवा प्रारंभ की। अपने सैन्य कार्यकाल के दौरान उन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, असम, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच देश की सेवा की। बाग पहुंचते ही राजेंद्र बामनिया ने सबसे पहले अपनी मां के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने अपने छोटे भाई एवं नगर के सरपंच धर्मेंद्र बामनिया को गले लगाया। दोनों भाइयों का यह भावुक मिलन देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

परिवार और नगरवासियों के लिए यह क्षण गर्व और भावुकता से भरा रहा। ग्रामीणों के अनुसार राजेंद्र बामनिया का बचपन आर्थिक कठिनाइयों में बीता। सेना में भर्ती होने से पहले उन्होंने मजदूरी कर अपने परिवार का सहयोग किया। संघर्षों के बीच उन्होंने सेना में जाने का सपना देखा और उसे साकार करते हुए करीब तीन दशक तक देश की सेवा की।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला आयुष विभाग सभागृह, बड़वानी में च्नर्मदा संवाद – जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाज् का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नर्मदा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, नर्मदा जलग्रहण क्षेत्र में प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को बढ़ावा देने तथा नर्मदा पथ एवं परिक्रमावासियों से जुड़े विषयों पर कार्यकताओं को उन्मुख करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र ठाकुर, नर्मदा सेवा, मालवा प्रांत प्रमुख, श्री संजय पुरोहित, वरिष्ठ समाजसेवी तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद इंदौर के संभाग समन्वयक श्री अमित शाह, श्री सौरभ पंवार, नर्मदा समग्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्री राजेन्द्र ठाकुर (नर्मदा सेवा) द्वारा प्रस्तुत की गई।



## कांग्रेस के वन्दे मातरम के अपमान के विरोध में भाजपा ने निकाला केंडल मार्च

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस द्वारा किये गए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के अपमान को भारतीय जनता पार्टी में आक्रोश व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी एवं भाजपा युवा मौर्चा के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत के अपमान के विरोध में रविवार को मुख्यालय पर केंडल मार्च निकाला गया। भाजपा कार्यालय से वन्दे मातरम का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान, सोनिया गांधी होश में आओ, होश में आओ, भारत मानता कि जय, वन्दे मातरम जैसे नारे लगाकर आक्रोश दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे ने निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, ने भी अपमान किया उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। आज हम जिस आजादी पर गर्व महसूस करते है उस आजादी के मतवालों ने राष्ट्रीय गीत गाकर जीवन को कुर्बान किया। ऐसे में आज वंदे मातरम गीत का अपमान करना निंदनीय है। यह न केवल कांग्रेस की दोगली सोच उजागर करती है बल्कि राहुल और सोनिया गांधी की पश्चिमी मानसिकता को भी उजागर करती है। मशाल रैली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शम्भूसिंह मनहर, , भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार, गोगावां मण्डल अध्यक्ष अजय राठौड़, पश्चिम मण्डल अध्यक्ष रवि वर्मा, भाजयूमो जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल, अजा मौर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, मनोज राठौड़ आदि उपस्थित थे।

## बड़वानी में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने किया ध्वजारोहण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

जिला मुख्यालय बड़वानी स्थित पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय के प्रांगण में 80वे स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान भोपाल से मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सजीव प्रसारण किया गया, जिसके उपरांत कलेक्टर ने संक्षिप्त बधाई संदेश का वाचन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह पर पुलिस दल, सशस्त्र बल, वन विभाग, जिला होमगार्ड बल तथा एनसीसी सीनियर एवं जुनियर, स्काउट गाईड का दल, शौर्य दल द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी प्रदान की गई । कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक पीटी प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। शस्त्र मार्च पास्ट में जिला महिला पुलिस बड़वानी प्रथम, विशेष सशस्त्र बल बड़वानी द्वितीय तथा जिला पुलिस बल तृतीय स्थान पर रहा।

## जिला न्यायालय में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

15 अगस्त आजादी के पर्व पर जिला न्यायालय परिसर बड़वानी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा झण्डा वंदन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जैन की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में ए.डी.आर भवन के कान्फ्रेंस हॉल में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण के बच्चों हेतु चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री जैन द्वारा अपने उ?द्बोधन में कहा कि उल्लास कार्यकम न्यायालयीन वातावरण में बच्चों को संस्कार एवं उल्लास व उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ है, उल्लास में बच्चों द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतिभागी को प्रोत्साहित किया। आगामी दिवसो में उल्लास अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित होते रहेगे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्रप्रेम, स्वंतत्रता दिवस, राष्ट्रीय ध्वज, विकसित भारत. व दुरूपयोग विषय पर चित्रकला बनाई एवं एवं निंबध प्रतियोगिता ए.आई एक अभिशाप, सोशल मीडिया का सदुपयोग पर निबंध लिखा गया। प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं सजृनात्मक सोच का सुंदर प्रर्दशन किया।

**पश्चिम रेलवे**

**मॉड़िफ्क्रेशन, डिजाइन, बिछाने और चालू करने का काम**

उप मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (निर्माण) वेस्टर्न रेलवे, DRM ऑफिस एनेक्स बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, दो बत्ती, रतलाम (एमपी) 457001. टेंडर नोटिस नंबरः EL-C-RTM-2026-07-T के तहत निविदा आमंत्रित करते हैं। काम का विवरणः वेस्टर्न रेलवे के रतलाम डिवीजन के वडोदरा-रतलाम सेक्शन के क्वाडुपलिंग प्रोजेक्ट के सिलसिले में गोधरा-रतलाम सेक्शन में HT और LT इलेक्ट्रिकल क्रॉसिंग/लाइन इन्फ्रिंजमेंट का मॉड़िफ्क्रेशन, डिजाइन, बिछाना और चालू करना। काम की अनुमानित कीमतः ? 6,63,63,506.87. बिड डिपॉजिटः ? 13,27,300/-. ऑनलाइन बिडिंग शुरू होने की तारीखः 28.08.2026 टेंडर बंद होने की तारीखः 11.09.2026 को 15.00 बजे। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.inपर जाएँ। 0482 0482

हमें लाइक करेंः facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

उप मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (निर्माण) वेस्टर्न रेलवे, DRM ऑफिस एनेक्स बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, दो बत्ती, रतलाम (एमपी) 457001, टेंडर नोटिस नंबरः EL-C-RTM-2026-01-RT तारीखः 13.08.2026 जारी कर रहे हैं। काम का नामः 25 KV AC TRD कार्यों का डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, मॉडिफिकेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। इसमें उज्जैन एनसी यार्ड/लोको यार्ड में स्टेब्लिंग लाइनें बनाना, उज्जैन लोको यार्ड में PQRS साइडिंग लाइनों को दूसरी जगह लगाना, चिंतामन गणेश स्टेशन (CNN) पर अतिरिक्त लूप लाइन बनाना और इंदौर से LMNR स्टेशनों के बीच डेड एंड्स को जोड़ना शामिल है। यह काम वेस्टर्न रेलवे के रतलाम डिवीजन में सिंहस्थ 2028 के सिलसिले में किया जा रहा है। अनुमानित कीमतः 13,14,36,039/- रुपये। बिड डिपॉजिटः 26,28,700/- रुपये। ऑनलाइन बिडिंग शुरू होने की तारीखः 27.08.2026। टेंडर बंद होने की तारीखः 10.09.2026 को 15.00 बजे। ज्यादा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। वर्किंग आवर्स के दौरान व्यक्तिगत रूप से या ऑफिस टेलीफोन नंबर 07412 233996 पर संपर्क करें; संपर्क ई-मेलः dyceecrtm@gmai.com 0483 0483

हमें लाइक करेंः facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/46/2026, दिनांक 13.08.2026**

| क्र.सं. | निविदा सं. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | नि. खा. ति. |
|---|---|---|---|---|
| 372 | 14265091 | हिताची टीआर. मोटर के लिए रोलर बेयरिंग का सेट। सेट में शामिल हैं | 420 Set | 17-Sep-26 |
| 373 | 10262741A | सीएलडब्ल्यू स्पेसिफिकेशन ए-0113 ऑल्ट 'ए' के अनुसार सिलिकॉन रबर कंपाउंड (RTV) | 26483 Nos | 17-Sep-26 |
| 374 | 06261300 | 110 वोल्ट ब्रशलेस डीसी | 3441 Nos | 15-Sep-26 |
| 375 | 06261416 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम | 149 Nos | 14-Sep-26 |
| 376 | 28261236A | एमोक्सीसिलीन 500mg और क्लैवुलानिक एसिड 125mg टैब | 676400 Nos | 14-Sep-26 |
| 377 | 29265005A | मस्तिष्क एंडोस्कोपी सिस्टम | 2 Nos | 11-Sep-26 |
| 378 | 26265120 | शार्प कर्व पर व्यापक पीएससी स्लीपर के साथ उपयोग के लिए HVN-66 इंसुलेटिंग लाइनर की आपूर्ति के लिए एक वर्ष का रनिंग अनुबंध आरडीएसओ/टी-8979 से आरडीएसओ/टी-8982 के ड्राइंग नंबर के अनुसार | 227873 Nos | 10-Sep-26 |
| 379 | 06261297 | 4.5 किलोवाट अंडर स्लंग निरंतर वोल्टेज | 144 Nos | 9-Sep-26 |
| 380 | 06261241 | कम रखरखाव लीड एसिड | 423 Nos | 9-Sep-26 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया क्रम संख्या 313 पर दिनांकः 10.07.2026 को निविदा सूचना संख्या एस-37-2026 के लिए मात्रा को '39903 मीटर' के रूप में पढ़ें

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 0484

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमारा अनुसरण करें: X.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### उंडासा पंचायत भवन में ध्वजारोहण के दौरान हंगामा

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर उंडासा स्थित ग्राम पंचायत भवन कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण के दौरान हंगामे की स्थित बन गई। जिसके चलते मामला मारपीट तक पहुंच गया। ध्वजारोहण के दौरान विवाद होने की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगाम कर रहे अमन बारोलिया को हिरासत में लिया। ग्राम के सरपंच रमेशचंद्र शर्मा ने ध्वजारोहण के बाद थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। सरपंच ने बताया कि ध्वजारोहण के दौरान गांधीजी, नेहरूजी, अम्बेडकरजी, सरस्वतीजी का फोटो लगाया गया था। इस दौरान अमन ने आकर विवाद शुरू कर दिया और कहने लगा कि भगतसिंह की फोटो क्यों नहीं लगाई। इसी बात पर उसने हंगामा किया और मारपीट पर उतारू हो गया। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई के अनुसार अमन के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने, जति मूलवंश का संप्रवर्तन और सौहार्द्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के साथ लोकशक्ति भंग करने की धारा 196 (1)(ख), 299, 352 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। जिसे नोटिस तामिल कराकर जमानत पर रिहा किया गया है। प्रकरण जल्द ही न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।


### गाड़ी का फोड़ा कांच, विरोध करने पर मारपीट

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया राजू में रहने वाले विष्णु पिता मेहरबान बागरी ने अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी, रात में गांव का रहने वाला बदमाश गणेश आया और विष्णु से शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये हफ्ता देने की बात कहने लगा। विष्णु ने रूपये देने से मना किया तो उसने डंडे से उसकी गाड़ी का कांच फोड़ दिया। विष्णु ने उसे रोकने का प्रयास किया तो मारपीट शुरू कर दी। विष्णु के साथ मारपीट होती देख पत्नी ममता, बहन पूजा और पिता मेहरबान आये तो उनके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों एकत्रित हुये तो बदमाश भाग निकला। राघवी पुलिस ने विष्णु की शिकायत पर तोड़फोड़, मारपीट और धमकी देने के साथ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज किया है।

### रास्ते से ट्रेक्टर हटाने की बात पर भिडे 2 परिवार

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के मियाखेड़ी में रविवार को ट्रेक्टर रास्ते से हटाने की बात पर 2 परिवार के बीच विवाद हो गया। दोनों परिवारों में जमकर लात-घूंसे चले। दोनों ओर से चार लोगों को चोंट आई। मामला पुलिस थाने पहुंचने पर दिलशाद पिता इशाक शेख ने शिकायत दर्ज कराई कि इकबाल खां ने अपना ट्रेक्टर बीच रास्ते में खड़ा किया था। हटाने की बात कहीं तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं इकबाल पिता मुनीर खां ने शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेक्टर रास्ते में ट्रेक्टर खड़ा करने पर दिलशाद ने परिवार के साथ मिलकर मारपीट की है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच मं लिया है। एक पक्ष से इकबाल और उसका पुत्र गब्बर घायल हुआ है। दूसरी ओर से दिलशाद और उसके परिवार के 2 सदस्यों को चोंट लगी है।

### दुर्घटना में घायल और जहर खाने वाले की मौत



**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस पर सड़क दुर्घटना में घायल किशोर पिता राजेश मेघवाल 25 साल निवसी ढाबला केलवा सुसनेर हाल मुकाम महानंदानगर की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दुर्घटना आगररोड पर अज्ञात वाहन से हुई थी। दूसरी मौत का मामला नीलगंगा थाना पुलिस ने दर्ज किया। नलखेड़ा के रहने वाले कमल पिता लक्ष्मीनारायण मेवाड़ा 25 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में मौत होने पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### कोर्ट पेशी के बाद रास्ते में पति-पत्नि का विवाद

**उज्जैन।** ग्राम बमोरा में रहने वाले धीरज पिता गोपाल जाट 24 साल और उसकी पत्नी नेहा जाट 23 साल के बीच पारिवारिक विवाद कोर्ट में चल रहा है। नेहा जाट मायके पक्ष के साथ शंकरपुर में निवास कर रही है। 14 अगस्त को कोर्ट में तारिख पेशी थी। धीरज कोर्ट पहुंचा था, इस दौरान पत्नी नेहा भी परिवार के साथ आई थी। जहां से धीरज वापस लौट रहा था। इस दौरान पुरानी कोठी के पास उसका केस को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी और उसके परिवार ने थप्पड़-मुक्को से मारपीट की और कहा कि आज के बाद दिख मत जाना नहीं तो जान से मार देगें। मामला माधवनगर थाने पहुंचने पर नेहा जाट ने शिकायत दर्ज कराई कि पति ने उसका रास्ता रोक पुराने केस को लेकर गाली-गलौच करते हुये हाथ से मोबाइल छुड़ाकर तोड़ दिया और मारपीट की। पुलिस ने दोनों की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि पहले विवाद की शुरूआत किसने की।

### पत्नी की मौक पर हुई मौत, पति ने इंदौर में तोडा दम...

# उज्जैन-इंदौर मार्ग पर पंचर खड़े ट्रक में घुसी कार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





पुत्र से मिलने कार से निकले दंपति उज्जैन-इंदौर मार्ग पर सड़क हादसे का शिकार हो गये। पंचर खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी थी। पत्नी की मौके पर मौत हो गई। पति की इंदौर में उपचार के दौरान सांस थम गई। हादसे में दंपति के साथ सवार युवती और ट्रक का ड्रायवर घायल हुआ है।

आगर मालवा के सराफा बाजार में रहने वाले गोपालदास सोनी 55 साल आभूषण दुकान संचालित करते थे। वह 2 बच्चों के पिता थे। एक पुत्र इंदौर में रहता है। रविवार सुबह आगर से पत्नी रेखा सोनी 53 साल और दोस्त की पुत्री निशिता पिता मुकेश गर्ग 16 साल के साथ अपनी कार क्रमांक एमपी 42 सी 2786 में सवार होकर इंदौर के लिये निकले थे। उज्जैन तक का सफर पूरा करने के बाद इंदौर रवाना हुये थे। इस दौरान उज्जैन-इंदौर मार्ग रामवासा वृंदावन चौराहा पर ओव्हर टेक कर आगे निकलने का प्रयास करते समय सड़क किनारे पंचर खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी। हादसा होते ही कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ड्रायविंग कर रहे गोपालदास सोनी और उनकी पत्नी रेखा सोनी गंभीर घायल हो गये। पीछे बैठी निशिता गर्ग भी घायल हो गई।

नीलगंगा-नानाखेड़ा थाने की डायल 112 घटनास्थल पहुंची। लोगों की मदद से कार में फंसे दंपति को बाहर निकाला गया। रेखा सोनी की मौत हो चुकी थी। गोपालदास सोनी और निशिता गंभीर घायल थे। दोनों को उपचार के लिये इंदौर रैफर किया गया। रेखा सोनी का शव चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। कुछ देर बाद खबर सामने आई कि इंदौर रैफर किये गये गोपालदास सोनी ने भी दम तोड़ दिया। नानाखेड़ा थाना प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि रेखा सोनी के मामले में मर्ग कायम कर परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। इंदौर में गोपाल सोनी का पोस्टमार्टम होने के बाद शव को उज्जैन लाया गया। जहां से दोनों दंपति का शव अंतिम संस्कार के लिये आगर मालवा ले जाया गया। निशिता का इंदौर में उपचार चल रहा है, जिसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

#### हादसे में ट्रक ड्रायवर भी हुआ घायल

प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि हादसे में ट्रक का ड्रायवर आबिद पिता सरदार खान निवासी जामगोद सोनकच्छ भी घायल हुआ है। जिसके बयान दर्ज करने पर उसने बताया कि वह गेहूं का ट्रक लेकर इंदौर जा रहा था। टायर पंचर होने पर स?क किनारे खड़ा कर पंचर टायर बदलने के लिये ट्रक के नीचे लेटकर जैक चड़ा रहा था, उसी दौरान पीछे से कार आकर घुस गई।

#### जाम में फंसी एम्बुलेंस-डायल 112

सड़क हादसे के बाद एम्बुलेंस और डायल 112 को पहुंचने में देरी हो गई। जिसके चलते मार्ग पर जाम के हालत बन गये थे। पुलिस के पहुंचने के पर सामने आया कि शहर में नागपंचमी और सावन माह का तीसरे सोमवार की सवारी होने पर भीड़ अधिक होने से जाम लगा हुआ है, जिसके चलते पहुंचने में देरी हुई है। पुलिस ने जाम खुलवाया और सभी को अस्पताल पहुंचाया।

### सुसाइड नोट में लिखा माता पिता का रखना ध्यान

**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस की सुबह युवक ने फांसी लगा ली। दरवाजा तोड़ने पर उसका शव लटका मिला। पुलिस जांच के लिये पहुंची, मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें भाई को संबोधित करते हुये लिखा था, बच्चों और माता-पिता का ध्यान रखना।

घटनाक्रम नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया का है। यहां रहने वाला रितेश पिता आनंदीलाल गेहलोत दवा फैक्ट्री में काम करता था। स्वतंत्रता दिवस की सुबह उसने माता-पिता का चाय दी और कमरे में चला गया। कुछ देर बाद पिता उससे बुलाने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद था, काफी देर तक नहीं खुलने पर तोड़ा गया। रितेश फंदे पर लटका था। सूचना मिलने पर नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद विवेचना के लिये पहुंचे। रितेश का शव फंदे से उतारा, उसके पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें भाई सुनील को संबोधित करते हुये लिखा था, बच्चों और माता-पिता का ध्यान रखना। अपनी मर्जी से जान दे रहा हूं, किसी को कोई दोष नहीं है। सुसाइड नोट जांच में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया। भाई सुनील ने बताया कि रितेश ने ऐसा कदम क्यो उठाया पता नहीं है। उसका घर में और बाहर किसी से कोई वाद-विवाद नहीं था। एएसआई द्वारिका प्रसाद के अनुसार मामला जांच में है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान दर्ज होने पर ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

### पौधारोपण का कार्य जारी

**उज्जैन।** शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा अमृत हरित महाअभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार -5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पौधारोपण के लिए आवश्यक भूमि को तैयार कर लिया गया है तथा पौधों के लिए गड्ढे खोदने एवं पौधारोपण का कार्य लगातार किया जा रहा है। उद्यान विभाग अपर आयुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि -5 ट्रांसफर स्टेशन क्षेत्र में हरियाली विकसित करने की दिशा में नगर निगम द्वारा सुनियोजित रूप से कार्य किया जा रहा है।

### नाग का मुकुट धारण कर बाबा महाकाल की सवारी में आकर्षण का केंद्र बनेंगे 'स्वामी मुस्कुरा के'

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की सवारी में अपनी अनूठी वेशभूषा, विभिन्न भाव-भंगिमाओं और खास अंदाज से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करने वाले शैलेन्द्र व्यास, जिन्हें शहर में प्यार से 'स्वामी मुस्कुरा के' के नाम से जाना जाता है, इस बार नागपंचमी की विशेष थीम के साथ नजर आएंगे। नागपंचमी के पावन पर्व पर निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी को लेकर स्वामी मुस्कुरा के ने भी विशेष तैयारी की है। इस बार वे नाग का मुकुट धारण कर सवारी में शामिल होंगे। उनकी पूरी सजावट और वेशभूषा नागदेवता की थीम पर आधारित रहेगी। बाबा महाकाल की सवारी में हर वर्ष स्वामी मुस्कुरा के अपने अलग रूप और अंदाज से श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनते हैं। उनकी भाव-भंगिमाएं और मुस्कुराता हुआ अंदाज सवारी देखने आने वाले श्रद्धालुओं के चेहरों पर भी मुस्कान बिखेर देता है। इस बार नागपंचमी और बाबा महाकाल की सवारी का विशेष संयोग होने से उनकी नागदेवता थीम वाली प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण रहने की उम्मीद है। सवारी के दौरान उनका यह अनूठा रूप देखने के लिए श्रद्धालुओं में भी उत्सुकता बनी हुई है।

# नागपंचमी- 36 घंटे तैनात रहेंगे 24 सौ पुलिसकर्मी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नागपंचमी का पर्व और सावन माह की तीसरी सवारी से एक दिन पहले बाबा महाकाल की नगरी में आस्था का कुंभ दिखाई दे रहा है। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के लिये 24 सौ पुलिसकर्मियों की तैनाती 36 घंटे के लिये रविवार शाम से कर दी गई है।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में आज नागपंचमी का पर्व होने के साथ सावन माह के तीसरे सोमवार पर निकलने वाली महाकाल की तीसरी सवारी का संयोग एक साथ बना है। महाकाल मंदिर के शिखर पर वर्ष में एक बार खुलने वाले भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन के लिये लाखों की संख्या में एक दिन पहले ही श्रद्धालु पहुंच गये है। धार्मिक नगरी में हर बडे आयोजन पर सुरक्षा-व्यवस्था का सबसे बड़ा जिम्मा पुलिस पर होता है। सोमवार को आस्था के 2 बड़े संयोग एक साथ होने पर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नागपंचमी और तीसरी सवारी में सुरक्षा व्यवस्था के लिये रविवार शाम से 36 घंटे के लिये 24 सौ पुलिसकर्मियों की तैनाती महाकाल मंदिर, नागचंद्रेश्वर मंदिर, सवारी मार्ग के साथ मंदिर के आसपास क्षेत्रों में कर दी गई है। मंदिर क्षेत्र में एकत्रित सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश देकर ड्युटी पाइंट पर रवाना कर दिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना ना करना पडे इसको लेकर 200 कैमरों से नजर रखी जा रहा है। जिसका कंट्रोलरूम मंदिर परिसर में बनाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लिया गया।



इस दौरान मेडिकल सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था, आवागमन, भीड़ प्रबंधन के साथ सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया जा चुका है। एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार भगवान नागचंद्रेश्वर के 8 से 10 लाख श्रद्धालु दर्शन करेगें, इतने ही संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचेगें। वहीं सवारी मार्ग पर 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। उन्होने माना यह पुलिस के लिये चुनौती भरा काम होगा, लेकिन उज्जैन पुलिस की जिम्मेदारी आस्था आपकी और सुरक्षा हमारी रहेगी। उन्होने श्रद्धालुओं से अपील करते हुये कहा कि दर्शन व्यवस्था के लिये की गई व्यवस्था, साइन बोर्ड और बेरिकेटिंग का पालन करें। सभी पर कैमरों के माध्यम से नजर रहेगी। व्यवस्था का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# गिरफ्त में शमशान घाट चोरी में फरार बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



शमशान घाट पर बने कमरे में हुई चोरी के मामले में फरार चल रहा बदमाश कच्ची जहरीली शराब के साथ गिरफ्त में आ गया। उसके पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे। बदमाश को कोर्ट में पेश कर महिदपुर सब जेल भेजा गया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 28 जुलाई की रात सत्या शमशान घाट पर बने कमरे का ताला तोडकर बदमाशों ने इलेक्ट्रिक सामान के साथ बर्तन चोरी कर लिये थे। 2 दिन बाद मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एक आरोपी मोईनउद्दीन उर्फ राजा पिता इंसाफ शाह निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर हामू ट्रांसपोर्ट नगर महिदपुर फरार चल रहा था। जिसकी तलाश लगातार जारी थी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कस्बे में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान टांडा रोड पर कच्ची शराब बेचने के लिये खडे एक व्यक्ति की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी और कच्ची शराब से भरी केन के साथ मोईनउद्दीन शाह को हिरासत में लिया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गई तो उसने शमशान घाट चोरी में शामिल होना स्वीकार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी, अवैध हथियार, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना जैसे 11 अपराध दर्ज है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### भव्य तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन पर डॉ. बबलु खिच्ची ने जताया आभार

**उज्जैन।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उज्जैन में ऐतिहासिक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। लोकप्रिय विधायक श्री महेश परमार जी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री मुकेश भाटी जी के मार्गदर्शन तथा युवा नेतृत्व एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बबलु खिच्ची जी के नेतृत्व में आयोजित यह यात्रा माधव कॉलेज, देवासगेट से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः माधव कॉलेज, देवासगेट पहुंचकर संपन्न हुई। भव्य तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा साथी एवं आम नागरिक शामिल हुए। यात्रा के पूरे मार्ग में शहरवासियों द्वारा जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे शहर में देशभक्ति का उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन पर डॉ. बबलु खिच्ची जी ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस यात्रा में जिस उत्साह और उमंग के साथ सभी भाइयों, मित्रों एवं युवा साथियों ने सहभागिता की, वह सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। युवा साथियों एवं आम नागरिकों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार माना।

### एक सप्ताह पूर्व सेतू निगम के सिंहस्थ सब डिविजन ने जांचा पूल......

# नागचंद्रेश्वर पुल का सुरक्षा परीक्षण, 300 गार्डो ने एक साथ लगाई जंप

## पूल पर श्रद्धालुओं की फिसलन रोकने के लिए जूट की मेटिंग लगाने का परामर्श दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

साल में सिर्फ एक दिन नागपंचमी पर खुलने वाले श्री महाकालेश्वर मंदिर के तल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार-सोमवार मध्य रात को अगले 24 घंटों के लिए खोले जाएंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए यहां अस्थाई ब्रिज का निर्माण किया गया है। वर्ष 2022 में निर्मित ब्रिज से श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम है। महाकाल मंदिर परिसर में बने 91 फीट लंबे नए फुटओवर ब्रिज का सुरक्षा परीक्षण किया गया है। लिया गया।

मजबूती जांचने के लिए 300 सुरक्षाकर्मियों ने एक साथ जंपिंग की। ब्रिज कार्पोरेशन के इंजीनियरों ने पुल को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया है।नागचंद्रेश्वर मंदिर महाकाल मंदिर के तीसरे तल पर है। यहां 11वीं शताब्दी की दुर्लभ प्रतिमा है जिसमें शेषनाग के आसन पर भगवान शिव-पार्वती विराजमान हैं। दुनिया में ऐसी एकमात्र प्रतिमा है। मान्यता है कि ये मूर्ति नेपाल से लाई गई थी। पहले मंदिर सालभर खुलता था, बाद में सिर्फ नागपंचमी पर 24 घंटे खोला जाने लगा। इस मंदिर में नागपंचमी पर दर्शनों के लिए यहां कुछ वर्षों पूर्व 1 करोड़ की लागत से बना 91 फीट का पुल बनाया गया था। ये ब्रिज महाकाल मंदिर के विट्ठल पंढरीनाथ मंदिर से नागचंद्रेश्वर मंदिर की छत तक बनाया गया है। इसकी लंबाई= 91 फीट, चौड़ाई= 10 फीट - 5 फीट आने, 5 फीट जाने की। इसकी क्षमता के अनुसार एक बार में 400 श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। पूल की मजबूती के लिए 5 खंभों का सहारा लिया गया है। पहली बार ये अस्थाई पुल नागपंचमी 2022 में उपयोग किया गया था और उसी समय बनाया गया था। बनाया गया था। शनिवार को पूल की मजबूती की जांच के लिए 300 सुरक्षा गार्डों की जंपिंग से यहां लोड टेस्ट



किया गया । श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यह अनोखा टेस्ट किया। 300 गार्ड एक साथ पुल पर खड़े होकर 10 मिनट तक लयबद्ध जंप करते रहे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग एवं सेतू निगम के अधिकारी मौजूद रहे। पुल में किसी प्रकार की परेशानी सामने नहीं आई है। पुल पर सीसीटीवी, आपात बटन और लाइटिंग लगाई जा रही है। ब्रिज कार्पोरेशन सिंहस्थ सब डिविजन एसडीओं रघुनाथ सुर्यवंशी के अनुसार 7 अगस्त को यह टेस्टिंग की गई थी। ब्रिज मंदिर समिति को दान दाता के सहयोग से उज्जैन विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2022 में बनाकर दिया था। ब्रिज टेस्टिंग के दौरान उसके नट बोल्ट देखे गए। जंग की स्थिति जांची गई। 300 से अधिक सुरक्षागार्डों को चलाकर और कुदवा कर देखा गया। इस बार हमने मंदिर समिति को सिंगल टाईम 300 श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए रिपोर्ट दी है।इसके साथ ही सिफारिशें दी गई है जिसमें ब्रिज पर जूट मेटिंग किया जाना है जिससे श्रद्धालु फिसलें नहीं।

### समाजसेवी भैरूसिंह लोधी का निधन

**मक्सी।** समाजसेवी भैरूसिंह लोधी (दोनता वाले) का रविवार को दुःखद निधन हो गया। वे स्वर्गीय मुन्नालाल लोधी के पुत्र चंद्रसिंह लोधी (लोधी समाज जिला अध्यक्ष) के छोटे भाई एवं ईश्वर सिंह लोधी के बड़े भाई, अमित लोधी एवं अनिल लोधी के पूज्य पिताजी, विनोद लोधी एवं दीपक लोधी के काका तथा राहुल लोधी एवं राजेश्वर लोधी के बड़े पापा थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार प्रातः 10 बजे उनके निज निवास स्थान दोनता जागीर से निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, वरिष्ठ नागरिक एवं परिचित शामिल हुए। मुक्तिधाम पहुंचने पर उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। समाजसेवी भैरूसिंह लोधी के निधन से क्षेत्र एवं समाज में शोक की लहर है।

# कैसे मिले संपूर्ण संतोष



भले ही आपको विशाल साम्राज्य का आधिपत्य मिले, तब भी संपूर्ण संतोष के बिना मन में एक अतृप्ति रहेगी, क्या आपने इसे महसूस किया है? चाहे कुछ भी मिले और थोड़ा... और कुछ... की हवस आग की तरह अंदर धधकती रहेगी, क्या आपने इस पर गौर किया है? ऐसा क्यों होता है? माप में आने वाली कोई भी वस्तु आपको दी जाए, संतोष मिलने वाला नहीं। असल में, आपकी तड़प मिलने वाली सभी वस्तुओं पर कब्जा करने की नहीं है। तो फिर? अनंत सृष्टि का हिस्सा होकर भी आप अपनी चाहत को नाहक एक छोटे दायरे में सीमित करने लगे थे, इसी का परिणाम है यह।

विकसित होते-होते असीम के साथ मिल जाने की तड़प के कारण ही अन्य कोई भी वस्तु दी जाए, आपकी इच्छा संपूर्ण संतोष पाए बिना कुछ कमी महसूस करती है। इस बुनियादी सत्य को अच्छे से समझ लें, तो दुख की कोई गुंजाइश ही नहीं है। यह विश्व और आप एक ही हैं। इस तथ्य का प्रत्यक्ष अनुभव होते ही इच्छा फौरन अपनी तड़प छोड़ देगी। उसके बाद, इच्छा बाहर से आकर जोर डालने वाली चीज न होकर आंतरिक कामना बनकर रहेगी। तब इच्छा आपको संचालित नहीं करेगी, आप इच्छा का संचालन करेंगे। कैसे? आप जो भी काम करेंगे, काम के उन क्षणों में इस तरह तल्लीन हो जाएंगे, मानो वही कार्य आपका संपूर्ण जीवन हो। जब काम का वह खेल समाप्त हो जाएगा, उसके प्रति इच्छा को समेटकर आप रख भी देंगे। परिणाम के लिए इच्छा करना छोड़कर काम करने के लिए इच्छा कीजिए। आनंद की अभिव्यक्ति के रूप में इच्छा को पालकर गौर कीजिए। दुख की कहीं गुंजाइश ही नहीं रहेगी। आपकी प्रसन्नता, परिणाम में मिलने वाली सफलता या हार पर निर्भर नहीं रहेगी। संपूर्ण जागरूकता के साथ जीना शुरू कर देंगे, तो किसी भी वस्तु के स्वामित्व का अभिमान छोड़कर यही अनुभव करेंगे, सब कुछ मैं ही तो हूं। इच्छा का यूं विकास होते-होते पूरे विश्व को अपने अंदर समा लेने का क्षण आ जाएगा, तब आप परमानंद का स्वाद लेंगे।

तथागत बुद्ध को जो ज्ञान मिला, मुझे जो आनंद प्राप्त हुआ, वह प्रत्येक व्यक्ति के लिए साध्य है। मुझसे कुछ लोग यही पूछते हैं, क्या आप ईश्वर द्वारा चुने गए हैं? किस तरह आपका चयन हुआ? पूर्व जन्म के पुण्य से या केवल भाग्य से? सुनकर मुझे हंसी आ जाती है। मैंने कभी यह सोचा नहीं कि मैं ईश्वर द्वारा चुना गया हूं। जो लोग यह दावा करते हैं कि वे ईश्वर द्वारा चुने गए हैं, वे अहंकार के शिखर पर रहते हैं। वास्तव में, जो लोग ईश्वर से दूर रहते हैं, वे दुखी रहते हैं। यदि आपको यह सिखाया गया कि ज्ञान पाना चंद लोगों के लिए ही संभव है, इससे बड़ा झूठ कोई और हो ही नहीं सकता।



सम्पादकीय

## बढ़ता जाए भारत

भारत की स्वतंत्रता आज पूरे विश्व के लिए प्रेरणा है। जब भारत की स्वतंत्रता की बात होती है, तब अनायास एक ब्रिटिश प्रधानमंत्री की नकारात्मक टिप्पणी की याद आती है। उस प्रधानमंत्री की भविष्यवाणी एक क्षणिक उद्गार भर साबित होकर रह गई और भारत अपनी आजादी की यात्रा में बहुत आगे निकल आया है। बांटने और बिखेरने की तमाम साजिशों के बावजूद यह देश भारत, जिसे इंडिया के नाम से भी दुनिया जानती है, अपने मुकम्मल वजूद के साथ कायम है। आज इस मुकाम पर ब्रिटेन से अगर हम तुलना करें, तो भारतीय अर्थव्यवस्था उसे कड़ी टक्कर दे रही है। भारत हाल ही में ब्रिटेन से आगे निकल गया था, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के चलते उसकी रफ्तार कुछ घटी है, पर दोनों देश एक-दूसरे को कड़ी प्रतिस्पर्द्धा दे रहे हैं। हम ब्रिटेन के मुकाबले में कोई यूं ही नहीं पहुंच गए हैं। याद कीजिए, जब देश आजाद हुआ था, तब उसकी अर्थव्यवस्था का आकार बमुश्किल 20 अरब डॉलर था, जबकि ब्रिटिश अर्थव्यवस्था उस समय 350 अरब डॉलर के आसपास थी। दोनों देशों के बीच भारी अंतर था, लेकिन अब इस अंतर को भारत ने न केवल पूरी तरह से पाट दिया है, बल्कि ब्रिटिश शासकों की अनेक गलतफहमियों को भी दूर कर दिया है।

बहरहाल, ब्रिटिश अर्थव्यवस्था हमारा लक्ष्य नहीं है। भारत को अपने आकार-प्रकार के हिसाब से अभी बहुत आगे जाना है। हम आज देख रहे हैं कि हमारा मुकाबला सीधे अमेरिका और चीन जैसी महाशक्तियों के साथ है। जिस तरह का व्यापारिक तनाव हम इन दोनों महाशक्तियों की ओर से देख रहे हैं, उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत का वजूद किस तरह से मजबूत हुआ है। अमेरिका आज लगातार आर्थिक तनाव बढ़ा रहा है, लेकिन वह भारत की ताकत को जानता है। ठीक इसी तरह से चीन भी भारत को दबाए रखना या पीछे रखना चाहता है, लेकिन वह भी भारत की ताकत समझता है। भारत की तरक्की का तरीका अमेरिका और चीन की तरक्की के तरीकों से बहुत अलग है। अपने विकास के लिए अमेरिका को अनेक प्रकार के युद्ध से गुजरना पड़ा है, तो चीन में सांस्कृतिक क्रांति के नाम पर कभी करीब 16 लाख लोग मारे गए थे।

नाग पंचमी पर विशेष

# धर्मग्रंथों में वर्णन है नागवंश ने कई स्थानों पर राज्य किया



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

नागपंचमी को सांप पंचमी क्यों नहीं कहा जा सकता? सरीसृप प्रजाति के प्राणी को पूजा जाता है, वह सर्प है किन्तु नाग तो एक जाति है जिनके संबंध मतानुसार अलग-अलग मत है- यक्षों की एक समकालीन जाति सर्प चिन्ह वाले नागों की थी। यह भी दक्षिण भारत में पनपी थी। नागों ने लंका के कुछ भागों पर ही नहीं, वरन प्राचीन मालाबार पर अधिकार जमा रखा था। रामायण में सुरसा को नागों की माता और समुद्र को उनका अधिष्ठान बताया गया है। महेंद्र और मैनाक पर्वतों की गुफाओं में भी नाग निवास करते थे। हनुमानजी द्वारा समुद्र लांघने की घटना को नाग ने प्रत्यक्ष देखा था।

नागों की स्त्रियाँ अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध थी।प्राचीन काल में विषकन्याओं का चलन भी कुछ ज्यादा ही था। इनसे शारीरिक संपर्क करने पर व्यक्ति की मौत हो जाती थी। ऐसी विषकन्याओं को राजा अपने राजमहल में शत्रुओं पर विजय पाने तथा षड्यंत्र का पता लगाने हेतु भी रखा करते थे।रावण ने नागों की राजधानी भोगावती नगरी पर आक्रमण करके वासुकी, तक्षक, शंख और जटी नमक प्रमुख नाग को परास्त किया था ।कालन्तर में नाग जाति चेर जाति में विलीन गई, जो ईस्वी सन के प्रारम्भ में अधिक संपन्न हुई थी।

नागपंचमी मनाने हेतु एक मत यह भी है कि अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने तपस्या लीन मैंन ऋषि के गले में मृत सर्प डाल दिया था। इस पर ऋषि के शिष्य श्रृंगी ऋषि ने क्रोधित होकर श्राप दिया कि यही सर्प सात दिनों के पश्चात तुम्हे जीवित होकर डस लेगा,ठीक सात दिनों के पश्चात उसी तक्षक सर्प ने जीवित होकर राजा को डंसा। तब क्रोधित होकर राजा परीक्षित के बेटे जन्मजय ने विशाल सर्प यज्ञ किया जिसमे सर्पो की आहुतियां दी। इस यज्ञ को रुकवाने हेतु महर्षि आस्तिक आगे आए। उनका आगे आने का कारण यह था कि महर्षि आस्तिक के पिता आर्य और माता नागवंशी थी। इसी नाते से वे यज्ञ होते देख न देख सके । सर्प यज्ञ रुकवाने ,लड़ाई को खत्म करके पुनः अच्छे सबंधो को बनाने हेतु आर्यो ने स्मृति स्वरूप अपने त्योहारों में सर्प पूजा को एक त्यौहार के रूप में मनाने की शुरूआत की। नागवंश से ताल्लुक रखने पर उसे नागपंचमी कहा जाने लगा होगा। भगवान कृष्ण बाल लीला में बाल रूप में श्री कृष्ण ने यमुना में छलांग लगाई और कालिया नाग से भयंकर युद्ध किया था। अंत में कृष्ण जी ने उसके फनों पर नृत्य किया और उसे श्राप दिया और कहा कि वो यहाँ से चला जाए और वृंदावन की तरफ मुड़कर ना देखे और अगर वो वृंदावन की तरफ मुड़कर देखगा तो वो पत्थर का बन जाएगा और कालिया नाग ने इसी जगह पीछे मुड़कर देख लिया था और वो पत्थर के बन गया हैऐसा ग्रंथो में उल्लेख मिलता है।

मास्को के लेखक ग्राम वागर्द लोविन ने प्राचीन भारत का इतिहास में नाग राजवंशों के बारे में बताया कि मगध के प्रभुत्व के सुधार करने के लिए अजातशत्रु का उत्तराधिकारी उदय (461 -ई पु )राजधानी को राजगृह से पाटलिपुत्र ले गया ,जो प्राचीन भारत प्रमुख बन गया। अवंति शक्ति को बाद में राजा शिशुनाग के राज्यकाल में ध्वस्त किया गया था। एक अन्य राज शिशुनाग वंश का था। शिशु नाग वंश का स्थान नन्द वंश (345 ई पु )ने लिया।भाव शतक में इसे धाराधीश बताया गया है अर्थात नागो का वंश राज्य उस समय धारा नगरी (वर्तमान में धार ) तक विस्तृत था।धाराधीश मुंज के अनुज और राजा भोज के पिता सिन्धुराज या सिंधुज ने विंध्याटवी के नागवंशीय राजा शंखपाल की कन्या शशिप्रभा से विवाह किया था।इस कथानक पर परमार कालीन राज कवि परिमल पद्मगुप्त ने नवसाहसांक चरित्र ग्रंथ की रचना की।मुंज का राज्यकाल 10 वी शती ई पु का है।अतः इस काल तक नागों का विंध्य क्षेत्र में अस्तित्व था।नागवंश के अंतिम राजा गणपति नागवंशी था। नाग जनजाति का नर्मदा घाटी में निवास स्थान होना बताया गया है। हेययो ने नागों को वहां से उखाड़ फेंका था।कुषान साम्राज्य के पतन के बाद नागों का पुनरोदय हुआ और ये नव नाग कहलाए। उनके राज्य मथुरा ,विदिशा, कांतिपुर ,(कुतवार) व पदमावती (पवैया) तक विस्तृत था।नागों ने अपने शासन काल के दौरान जो सिक्के चलाए थे उसमे सर्प के चित्र अंकित थे ।इससे भी यह तथ्य प्रमाणित होता है कि नागवंशीय राजा सर्प पूजक थे।शायद इसी पूजा की प्रथा को निरंतर रखने हेतु श्रावण शुक्ल की पंचमी को नागपंचमी का चलन रखा गया होगा।

एक जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में तपकरा क्षेत्र में ज्यादा सांप पाए जाते है। जशपुर को 'नागलोक' के नाम से भी जाना जाता है।प्राचीन काल में दश पुर को दंडकारण्य का हिस्सा माना जाता है। जहाँ अनेक लोक कथाएं नागलोक से जुड़ी हुई है। लोगों को सर्पदंश से बचाने एवं साँपों के संरक्षित करने के लिए वहां पर युवाओं की सोसायटी कार्य कर रही है। कई लोग सर्पदंश के बाद पीड़ित को अस्पताल न ले जाकर झाड़फूंक कराते है जो मौत का प्रमुख कारण होता है। कोबरा, करैत की जहरीली प्रजाति यहाँ पाई जाती है। यहाँ की जलवायु और इलाके में पाए जानेवाली भुरभुरी मिट्टी होने के कारण दीमक अपनी बांबियाँ (मिट्टी के लघु टीले) बना लेते है जिनमें घुसकर सांपों के जोड़े जनन करते है और दीमकों को चाट कर जाते है। देवी भागवत में झनौ नागों के होने का उल्लेख मिलता है। उनके नाम इस प्रकार है- (1) अनंतनाग (2) वासुकि (3) शेषनाग (4)पद्मनाभ। (5) कम्बलं (6) शंखमाल (7)धार्तराष्ट्र ( 8) तक्षक तथा (9) कालिया नाग। इन नौ नागों के बारे में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति शाम के समय, विशेषकर प्रातःकाल इनका स्मरण करता है, उसे विषबाधा नहीं होती और वह सर्वत्र विजयी होता है नागों का उद्गम महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी कद्रू से माना गया है। नागों का मूलस्थान पाताललोक प्रसिद्ध है। पुराणों में नाग लोक की राजधानी भोगवतीपुरी विख्यात है। संस्कृत कथा -साहित्य में विशेष रूप से कथासरित्सागर नागलोक और वहाँ के निवासियों की कथाओं से ओतप्रोत है। गरुड़ पुराण, भविष्य पुराण, चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, भावप्रकाश आदि ग्रंथों में नाग संबंधी विविध विषयों का उल्लेख मिलता है। पुराणों में यक्ष, किन्नर और गंधर्वों के वर्णन के साथ नागों का भी वर्णन मिलता है। भगवान विष्णु की शय्या शोभा नागराज शेष करते हैं। भगवान शिव और गणेश के अलंकरण में भी नागों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

एक जानकारी के मुताबिक सांप एक मांसाहारी प्राणी है जो दूध पचा नही सकते है।सांपों में श्रवण शक्ति कमजोर होती है,इन्हें सिर्फ कंपन महसूस होता है।बिन की हरकत पर प्रतिक्रिया देते है जिसे नृत्य समझ बैठते है।दो महान सांप के दोनों तरफ सिर होते है,किसी भी जीव में सर एक ही होता है,बोआ सांप का सिर और पूंछ एक जैसे दिखते है।धामन सांप विषहीन सांप है।सुग्गा सांप झाड़ी व पेड़ो पर रहते है इसलिए इंसानों के सर पर ही वार कर पाते है जिसे लोग समझते है की यह सिर्फ आंखों पर वार करते है। शेषनाग अपने सर में नागमणि रखते है यह अभी तक प्रमाणित नहीं हो पाया है,यह एक मिथक है।सांप अपने साथी को मारने वाले की तस्वीरे अपनी आंख की मदद से खींच लेता है और उससे बदला लेता है,यह काल्पनिक और फिल्मी कहानियों में ही संभव है,क्योंकि सरिसर्पो की स्मरण शक्ति हम इंसानों जैसी नही होती है,ना ही वो बदला ले सकते है।

## सम्मान का महापर्व

हमारे देश में ऋतुएँ अब केवल प्रकृति नहीं तय करतीं। समाज भी अपनी सुविधानुसार ऋतुएँ बना लेता है। कभी चुनाव की ऋतु आती है, कभी उद्घाटन की, कभी शिलान्यास की और इन सबसे ऊपर सम्मान की ऋतु। यह ऐसी ऋतु है जिसमें पेड़ों पर पत्तियाँ कम और लोगों के गले में मालाएँ अधिक दिखाई देती हैं।

एक समय था जब सम्मान किसी व्यक्ति के पीछे भागता था। अब व्यक्ति सम्मान के पीछे भागता है। पहले लोग अपने काम में इतने डूबे रहते थे कि उन्हें पता ही नहीं चलता था कि समाज उन्हें कब पहचानने लगा। आज लोग पहले अपनी पहचान छपवाते हैं, फिर उसके अनुरूप कोई काम खोजते हैं।

सम्मान समारोहों का अपना अलग ही दर्शन है। मंच पर बैठे लोग इतने गंभीर दिखाई देते हैं जैसे अभी देश की अर्थव्यवस्था पर निर्णय लेने वाले हों। किंतु पाँच मिनट बाद वही लोग यह तय करने में व्यस्त हो जाते हैं कि पहले किसे शॉल ओढ़ाई जाए और किसे श्रीफल दिया जाए। राष्ट्र की दिशा कुछ देर के लिए शॉल की तहों में छिप जाती है।

मुझे एक सज्जन मिले। चेहरे पर संतोष ऐसा था जैसे उन्होंने हिमालय की सबसे ऊँची चोटी जीत ली हो। बोले, इस महीने मेरा सातवाँ सम्मान हुआ है। मैंने उत्सुक होकर पूछा, किस उपलब्धि के लिए। वे मुस्कुराए और बोले, उपलब्धि बाद में बताऊँगा, पहले फोटो देखिए। मैंने समझ लिया कि अब उपलब्धि तस्वीर में रहती है और परिश्रम एल्बम के बाहर खड़ा रह जाता है।

आज सम्मान का सबसे बड़ा प्रमाणपत्र सोशल मीडिया है। समारोह समाप्त होने से पहले ही तस्वीरें उड़कर दुनिया भर में पहुँच जाती हैं। नीचे लिखा रहता है, अत्यंत विनम्रता के साथ सम्मान ग्रहण किया। मुझे हमेशा यह वाक्य पढ़कर आश्चर्य होता है। विनम्रता जितनी अधिक लिखी जाती है, उतनी ही कम दिखाई देती है। सच्ची विनम्रता को कभी घोषणा की आवश्यकता नहीं पड़ती।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 अगस्त 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:08 सूर्यास्त 18:54
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - पंचमी 17:00 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - चित्रा 04:59 उपरांत स्वाति
योग - शुभ 03:29 उपरांत शुक्ल
करण - बालव
चन्द्रमा - कन्या में है। 16:19 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 03 तारिख

**मेष-** रचनात्मक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा। सिर में भारीपन महसूस हो सकता है।

**वृषभ-** पार्टनर के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मिथुन-** कार्यस्थल पर मनमुटाव से बचें। कारोबारी हैं तो संचार कौशल से अटके काम पूर्ण होंगे।

**कर्क-** पार्टनर के साथ खुलकर दिल की बात शेयर करें। अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**सिंह-** आपके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। कारोबारी हैं तो पुराने निवेश से वित्तीय लाभ होगा।

**कन्या-** लव लाइफ में उत्साह बना रहेगा। पैसों के मामलों में किसी पर अंधा भरोसा न करें।

**तुला-** कला, संगीत और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए बेहतरीन दिन है। कारोबारी हैं तो निवेश से लाभ होगा।

**वृश्चिक-** जीवनसाथी या लव पार्टनर के साथ समय सुखद रहेगा। आर्थिक मामलों में वृद्धि होगी।

**धनु-** कार्यस्थल पर पदोन्नति की चर्चा या कार्य की सराहना हो सकती है।

**मकर-** कारोबारी हैं तो रुकी हुई फाइलें आगे बढ़ेंगी। पार्टनर के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा होगी।

**कुंभ-** नौकरी-पेशा लोगों के लिए यह दिन अच्छा रहेगा। साझेदारी के कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन-** वैवाहिक जीवन में सामंजस्य रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

चरक जयंती विशेष

## आयुर्वेद की सर्वश्रेष्ठ कृति चरक



डॉ जितेंद्र जैन
(दैनिक अवन्तिका)

चरक संहिता के प्रतिसंस्कारकर्ता आचार्य चरक की जयंती इस वर्ष श्रावणमास शुक्ल पक्ष संवत 2083 को 17 अगस्त 2026 को एक साथ संपूर्ण देश में मनाई जा रही है।

भाव प्रकाश ग्रंथ के अनुसार आचार्य चरक को शेषावतार माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि आचार्य कपिष्ठल चरक का जन्म पंचनद प्रांत में हुआ था। चरक संहिता आठ स्थान 120 अध्यायों में 12000 श्लोक सहित 9295 सूत्रों का संग्रह है। आचार्य चरक ने पुनर्वसुआत्रेय के उपदेशों और अग्निवेश के तंत्र के आधार पर संहिता का पुनर्गठन किया। जिसमें रोगों के कारण लक्षण, निदान, औषधीय और स्वस्थ जीवन के नियमों का विस्तृत वर्णन है। चरक संहिता में वर्णन प्राप्त होता है जिन जिन भावों की साम्यावस्था से पुरुष की उत्पत्ति होती है उन उन भावों की विषमता से रोग की उत्पत्ति होती है।

षड्धातवः समुदिताः पुरुष इति शब्दं लभन्ते।

छः धातु समुदाय लोक संज्ञा को प्राप्त होती हैं जैसे पृथ्वी, जल अग्नि , वायु, आकाश व अव्यक्त ब्रह्म( आत्मा)। यही सब धातुएं मिलकर पुरुष संज्ञा को प्राप्त करती है। पुरुष व रोग की वृद्धिकर भाव क्रमशः हिताहार एवं अहितकरआहार कहे गए हैं आहार को ही प्राण धारक कहा जाता है।लाल चावल, मूंगदाल, आकाशीय जल, सेंधा नमक जीवंतीशाक, गोदुग्ध, गोघृत, तिलतेल स्वभावतः हितकर होते हैं तथा यवक (घोड़ जै), उड़द की दाल,जलो में वर्षा ऋतु की नदी का जल, दुग्ध वर्ग में भेड़ का दूध कन्द में आलू स्वभाव से ही आहार विकारों में विशेष अहितकर द्रव्य है।

चरक संहिता में आहार विज्ञान के साथ-साथ, चिकित्सक के कर्तव्य, रोगी के प्रति सहानुभूति और समाज कल्याण को सर्वोपरि रखा गया है ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और दीर्घायु जीवन पा सके। आचार्य चरक के स्वस्थवृत्त व चिकित्सा के सिद्धांत 21वीं सदी में भी लोक कल्याण का मार्ग दिखा रहे हैं।


# 30 के बाद झुर्रियों से दूर रहने के लिए पिएं ये ग्रीन टी

ग्रीन टी में बहुत सारे एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो स्किन के विषाक्त पदार्थों, डार्क पैच, लालिमा और स्किन संबंधी हर समस्या से बचाती है। इसके अलावा ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं जो आपकी स्किन को हेल्दी रखते हैं। ये त्वचा की बढ़ती उम्र के संकेत जैसे झुर्रियों और महीन रेखाओं को दूर करने में मदद करते हैं। यदि आप अपने चेहरे से दाग धब्बे हटाकर स्किन को क्लीन करना चाहती हैं।

अगर आप लंबे समय तक जवान और सुंदर दिखना चाहते हैं तो 30 की उम्र के बाद से ही अपने खानपान में सुधार कर लीजिए।आप पोषण के माध्यम से अपने शरीर और त्वचा को क्या दे रहे हैं, यह फैक्टर आपकी सुंदरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए अपने दिन की शुरूआत ग्रीन टी के साथ कीजिए. ग्रीन टी में ढेरों विटामिन, एंटीऑक्सिडेंट्स और कई ऐसे तत्व होते हैं जो त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं।

**ग्रीन टी फेस मास्क- सामग्री-**

- ग्रीन टी पाउडर -1 चम्मच
- दही-1 चम्मच
- शहद-1 चम्मच
- मुल्तानी मिट्टी-1 चम्मच



ग्रीन टी फेस मास्क बनाने की विधि-

ग्रीन टी फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल लें और उसमें एक चम्मच ग्रीन टी पाउडर, 1 चम्मच दही, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी डाल दें। अब इन सारी चीजों को ठीक से मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें और इसे अपने चेहरे और गर्दन के एरिया पर ठीक से लगाएं और थोड़ी देर सूखने के लिए छोड़ दें। बाद में इसे ठंडे पानी से धो लें। इसके बाद आपको बदलाव देखने को मिलेगा। पैक का इस्तेमाल हफ्ते में दो बार जरूर करना चाहिए।

स्क्रबिंग-ग्रीन टी स्किन में कसाव देने में भी मदद करती है। इसलिए ग्रीन टी बैग से चाय के दानों को बाहर निकालें और स्क्रब बनाएं और यह स्किन के लिए बहुत अच्छा है। इसके लिए एक बाउल में ग्रीन टी के दानों में थोड़ी सी चीनी और थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसके बाद इस स्क्रब को चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगा रहने के बाद साफ पानी से चेहरे को धो लें। इस स्क्रब के यूज से आपकी त्वचा ग्लो करेगी। आप इस स्क्रब को फ्रिज में स्टोर करके भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

फेस मसाज-एक बाउल में 1 चम्मच शहद और ग्रीन टी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसे चेहरे और गर्दन पर 10 मिनट तक मसाज करें फिर अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। शहद नैचुरल ब्लीच का काम करता है। जिससे आपका स्किन टोन हल्का होने के साथ-साथ मॉश्चराइज होगा। जिससे आप जवां नजर आएंगे।

ग्रीन टी फेशियल पैक झएक पैन में 1 चम्मच ग्रीन टी को कुछ देर गर्म पानी में उबालें। इसके बाद एक बाउल में 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी, 2-3 चम्मच ग्रीन टी का पानी, थोड़ा सा एलोवेरा जैल लेकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इसके बाद इसे अपने चेहरे पर अच्ची तरीके से लगाएं। 20 मिनट के चेहरे को साफ पानी से धो लें।

टोनरझग्रीन टी बहुत अच्छा टोनर भी है। इसे बनाने के लिए, 1 कप पानी में 5 चम्मच ग्रीन टी और 1 चम्मच पुदीने की पत्तियों को डालर 10 मिनट तक उबालें। ठंडा हो जाने के बाद इसे एक स्प्रे बोतल में भर लें। इस स टोनर का प्रयोग दिन में 2-3 बार करें। इससे स्किन में होने वाली खुजली और सूजन से राहत मिलेगी।

## सद्गुरु की शरण में जाएँ

सद्गुरु अंतःकरण में निवास करता है। इसे निर्मल आत्मा या प्रकाश स्वरूप परमात्मा कह सकते हैं। प्रकाश का अर्थ रोशनी नहीं, सन्मार्गगामिनी प्रेरणा है। उसे ऋतंभरा प्रज्ञा भी कहते हैं। सद्गुरु का उपदेश इसी वाणी, इसी भाषा और इसी परिधि में होता है। उनका परामर्श और मार्गदर्शन हमें निरंतर उपलब्ध रहता है।

बाहर के गुरु अनेक विषयों पर बात कर सकते हैं, पर सद्गुरु की शिक्षा एक ही होती है- अंधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमृत की ओर, असत से सत की ओर चलो। बाहर के गुरु जब-तब ही मिलते हैं, उनका ज्ञान सीमित होता है और उनका उपदेश भ्रांत भी हो सकता है, पर अंतरात्मा में विद्यमान सद्गुरु हर समय हमारे पास और साथ उपस्थित रहता है, उसका परामर्श हमें हर समय उपलब्ध रहता है।

जब हम बुरा काम करते हैं तो हृदय काँपता है, मुँह सूखता है, पैर थरथराते हैं, भीतर-ही-भीतर कोई कोंचता रहता है। कोई देख तो नहीं रहा, कोई सुन तो नहीं रहा, किसी को पता तो नहीं चल रहा, इन आशंकाओं के बीच वे दुष्कर्म किए जाते हैं। मानो भीतर का सद्गुरु बराबर रोक रहा, समझा रहा है और धिक्कार रहा है। यह नीति निर्देशक अंतरात्मा ही सद्गुरु है।

(अखण्ड ज्योति पत्रिका से साभार)

धर्म-आस्था

# उत्तर में कांवड़, दक्षिण में कावड़ी, भक्ति की राह अलग पर भाव एक



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

सावन का महीना आते ही उत्तर भारत की सड़कों पर एक अलग ही रंग दिखाई देने लगता है। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच कंधों पर कांवड़ उठाए लाखों श्रद्धालु हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री और अन्य पवित्र स्थलों की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं। भगवा वस्त्र, हाथों में त्रिशूल, कंधों पर सजी कांवड़ और शिवभक्ति में डूबे श्रद्धालु उत्तर भारत की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं। ऐसे दृश्य देखकर स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या दक्षिण भारत में सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा नहीं होती? क्या वहां कांवड़ यात्रा जैसी कोई परंपरा नहीं है?

इसका उत्तर है—दक्षिण भारत में शिवभक्ति पूरी श्रद्धा से होती है, लेकिन उसकी अभिव्यक्ति, धार्मिक परंपराएं और यात्राओं का स्वरूप उत्तर भारत से अलग है। भारत की विशेषता ही यही है कि यहां एक ही आराध्य के प्रति भक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अलग रूपों में दिखाई देती है।

उत्तर भारत में कांवड़ यात्रा का सबसे गहरा संबंध गंगा और शिव से है। हरिद्वार, ऋषिकेश तथा गंगोत्री जैसे तीर्थस्थलों से गंगाजल लेकर श्रद्धालु अपने-अपने गांव, कस्बों और नगरों के शिवालयों तक पैदल पहुंचते हैं। सावन की विभिन्न तिथियों पर इस जल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि संकल्प, संयम, सामूहिकता और सेवा की एक बड़ी परंपरा बन चुकी है। दक्षिण भारत में स्थिति कुछ अलग है। वहां भी भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था है और सावन अथवा श्रावण मास में मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होती है, लेकिन उत्तर भारत जैसी विशाल कांवड़ यात्रा सामान्य रूप से दिखाई नहीं देती। इसका एक कारण वहां की स्थानीय धार्मिक परंपराएं और दूसरा कारण पंचांग की गणना की अलग पद्धति है।

उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों में पूर्णिमांत पंचांग की परंपरा रही है, जिसमें पूर्णिमा के बाद नया महीना माना जाता है। इसके विपरीत दक्षिण भारत में अमांत पंचांग अधिक प्रचलित है, जिसमें अमावस्या के बाद नया महीना आरंभ होता है। इस कारण एक ही धार्मिक मास की तिथियों में लगभग पंद्रह दिनों का अंतर दिखाई दे सकता है। हालांकि पूरे भारत में पंचांग की परंपराएं एक जैसी नहीं हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में स्थानीय गणना पद्धतियों के अनुसार पर्वों की तिथियां निर्धारित होती हैं।

दक्षिण भारत में कांवड़ से मिलता-जुलता धार्मिक रूप कावड़ी की परंपरा में दिखाई देता है। तमिल समाज में कावड़ी विशेष रूप से भगवान मुरुगन, अर्थात कार्तिकेय, की आराधना से जुड़ी है। श्रद्धालु लकड़ी या बांस से बनी कावड़ी को फूलों और रंगीन वस्त्रों से सजाकर कंधों पर उठाते हैं और भक्ति, संगीत तथा नृत्य के साथ मंदिर तक पहुंचते हैं। इसे कावड़ी अट्टम कहा जाता है।

कावड़ी की पौराणिक परंपरा इडुंबन से जुड़ी मानी जाती है। कथा के अनुसार इडुंबन ने महर्षि अगस्त्य के आदेश पर दो पर्वतों को कावड़ी की तरह उठाकर ले जाने का प्रयास किया था। इसी प्रसंग से कावड़ी को श्रद्धा, संकल्प और भक्ति का प्रतीक माना गया। विशेष रूप से तमिलनाडु में भगवान मुरुगन के प्रमुख मंदिरों से जुड़ी यात्राओं में कावड़ी की परंपरा आज भी अत्यंत लोकप्रिय है।

इसका अर्थ यह नहीं कि दक्षिण भारत में शिवभक्ति कम है। वास्तव में दक्षिण भारत भगवान शिव की अत्यंत प्राचीन और समृद्ध उपासना परंपराओं का प्रमुख केंद्र रहा है। तमिलनाडु के चिदंबरम, मदुरै, तिरुवन्नामलै और रामेश्वरम से लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम, कर्नाटक के गोकर्ण और केरल के अनेक शिवालयों तक शिव आराधना की विविध परंपराएं दिखाई देती हैं।

उत्तर भारत में जहां कांवड़िये गंगाजल लेकर शिवालय पहुंचते हैं, वहीं दक्षिण भारत में श्रद्धालु अपनी स्थानीय पवित्र नदियों और तीर्थों से जुड़े जल से भगवान का अभिषेक करते हैं। कावेरी, कृष्णा, गोदावरी और तुंगभद्रा जैसी नदियां वहां धार्मिक जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं। रामेश्वरम जैसे तीर्थों में समुद्र और पवित्र जल का विशेष महत्व है। श्रीशैलम जैसे ज्योतिर्लिंग क्षेत्र में भी शिवभक्ति की विशाल परंपरा दिखाई देती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,300 रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,34,000 पाट- 2,33,500।


## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**


editor.awantika@gmail.com

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाजापुर।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त को उसकी मां पारिवारिक कारणों से पास ही के गांव गई थी। 12 अगस्त की रात वह अपनी बहन के साथ घर के पास बनी टापरी में सो रही थी। आरोप है कि रात करीब 11.45 बजे छगनलाल वहां पहुंचा और धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान पीड़िता की बहन नींद से जाग गई। बहन के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने नाना और मामा को इसकी जानकारी दी। रात अधिक होने के कारण परिजन तत्काल थाने नहीं जा सके। अगले दिन पीड़िता अपनी बहन, मौसी और मामा के साथ कोतवाली थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## जन शिक्षण संस्थान में स्वतंत्रता दिवस मनाया

**तराना।** जन शिक्षण संस्थान उज्जैन के सेंटर मंगलनाथ मंदिर बस स्टैंड तराना में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे संस्था परिसर को तिरंगे झंडों और फूलों से सजाया गया। सभी सदस्य और विद्यार्थी निर्धारित समय पर प्रांगण में एकत्र हुए। माँ सरस्वती पूजन के बाद एकाएक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और सदस्यों ने देशभक्ति गीत और समूह गान प्रस्तुत किए। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कुछ सुंदर भाषण दिए गए। मुख्य अतिथि गायत्री योगी वार्ड नं 14/1 आंगनवाड़ी सहायिका ने अपने संबोधन में सभी को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और एकता का संदेश दिया कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों को अल्पाहार करवाया गया। इस प्रकार यह राष्ट्रीय पर्व हमें हमारे वीर शहीदों की याद दिलाते हुए बहुत ही प्रेरणादायक तरीके से संपन्न हुआ।

## जिला जनसम्पर्क कार्यालय के हेल्पर गनावे हुए सम्मानित



**ब्यावरा-राजगढ़ ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला जनसम्पर्क कार्यालय राजगढ़ के हेल्पर मनोहरलाल गनावे को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। गनावे द्वारा जिला जनसम्पर्क कार्यालय में लेखा संबंधी कार्यों के साथ-साथ मीडिया समन्वय एवं कार्यक्रमों की कवरेज व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के समन्वय, कवरेज व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में उनके द्वारा सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया गया। उनके सराहनीय योगदान एवं कर्तव्यनिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रोटोकॉल की अनदेखी का आरोप

# सम्मान नहीं मिलने से नाराज जनप्रतिनिधियों व पूर्व विधायक ने किया कार्यक्रम का बहिष्कार

**अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।**

राजगढ़ जिला मुख्यालय सहित पूरे देश में आजादी का 80वां वर्ष हर्षोल्लास और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। जगह-जगह शान से तिरंगा लहराया और देशभक्ति के रंग में लोग सराबोर नजर आए।



राजगढ़ जिला मुख्यालय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम उस वक्त विवादों में आ गया, जब कांग्रेस के पूर्व विधायक बापूसिंह तवर सहित कतिपय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने समुचित सम्मान नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व विधायक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रध्वज का सम्मान किया और परेड की सलामी ली लेकिन उनका आरोप है कि प्रशासन की ओर से प्रोटोकॉल के तहत उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया गया। इससे नाराज होकर वे कार्यक्रम स्थल से चले गए वहीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जमील अहमद सिद्दीकी एडवोकेट के उत्तराधिकारी पुत्र राशिद जमील सिद्दीकी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने खून-पसीना बहाकर देश को आजादी दिलाई है।

राजगढ़ में एक ओर जहां तिरंगे की आन-बान-शान के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, वहीं दूसरी ओर सम्मान और प्रोटोकॉल को लेकर उठे सवालों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

> **स्वतंत्रता दिवस किसी पार्टी विशेष का नहीं**
>
> स्वतंत्रता दिवस किसी पार्टी विशेष का नहीं, बल्कि पूरे देश का राष्ट्रीय पर्व है। प्रोटोकॉल के तहत सभी जनप्रतिनिधियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हासिल करना है तो देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर चलना होगा। राष्ट्रीय पर्व को किसी एक पार्टी या विचारधारा तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

## अभिज्ञान शिक्षा संस्थान में हरियाली अमावस्या पर पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना**

हरियाली है खुशहाली, पेड़ लगाएं धरती सजाएं के संदेश के साथ तराना नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था अभिज्ञान शिक्षा संस्थान में हरियाली अमावस्या के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

वृक्ष संपूर्ण जीव-जगत के जीवन का आधार हैं। इनके बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। इसी भावना को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए विद्यालय के इको क्लब प्रभारी अंबाराम चौहान एवं पायल राजपूत के मार्गदर्शन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा घर से लाए गए पौधों का विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग प्रधान




अध्यापक मंजरी लोया के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पायल राजपूत मैडम के नेतृत्व में लघु नुक्कड़ नाटिका का मंचन भी किया गया।

नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षों के प्रति अपने कर्तव्यों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थी हरे रंग के वस्त्र पहनकर विद्यालय पहुंचे, जिससे परिसर में हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता का वातावरण देखने को मिला। आयोजन से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना और ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय प्राचार्य दिनेश कुमार हरड़ ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की जानकारी संस्था प्रवक्ता राजेश मालवीय एवं हर्ष नागर ने दी।

### जनपद पंचायत में स्वतंत्रता दिवस पर किया नवाचार

## शिक्षा, खेलकूद, प्रकृति संरक्षण एवं समाज सेवा करने वालों को किया सम्मानित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद**

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत खाचरौद कार्यालय पर प्रति वषानुसार इस वर्ष भी जनपद अध्यक्ष कुंवर पृथ्वीराज सिंह पंवार ने झंडा वंदन किया।

उक्त अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरवा, मुख्य कार्यक्रम अधिकारी गिर्राज शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवि सिंह तथा जनपद सदस्य गण उपस्थित थे।

जनपद अध्यक्ष कुंवर पृथ्वीराज पंवार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गिर्राज शर्मा ने नवाचार करते हुऐ जनहित के कार्य को करने वाले तथा प्रकृति प्रेमी,शिक्षा में अग्रणी रहने वाले राष्ट्र प्रेमियों को सम्मानित करने का कार्य किया गया वहीं खेलकूद में अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्लेयर कुमारी मंजू बंबोरिया को तथा प्रकृति प्रेमी राजू अरिहंत तथा हेमंत वक्तरिया को सम्मानित किया गया । शिक्षा में कक्षा दसवीं में मध्य प्रदेश में अपना स्थान प्राप्त करने वाले कुमारी कल्पना डाबिया तथा शांति चौधरी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रकार निशुल्क कन्या विवाह करने वाले श्री मनोज राठी तथा स्वयं के खर्चे पर गरीब बच्चों को स्कूल शिक्षा दिलवाने वाले मनोज राठी बारदान वाले को सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खेल रत्न से सम्मानित डॉक्टर अजय वक्तरीय को तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सदैव अग्रणी रहने वाले दिलबर भाई को सम्मानित किया गया ।जनपद पंचायत खाचरौद के अंतर्गत कार्यरत 6 ग्राम पंचायत सचिव को ग्राम पंचायत द्वारा वसूले जाने वाले संपत्ति कर वसूल करने के लिए सम्मानित किया गया। आवास एवं अमृतसर और का कार्य करने वाले 5 ग्राम रोजगार सहायकों को भी सम्मानित किया, विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यो के कार्य पूर्ति एवं लेबर नियोजन वाली ग्राम पंचायत के सहायक सचिव को भी सम्मानित करते हुए मैदानी क्षेत्र में शासन की योजनाओं का सफलतापूर्वक पूर्ण करनेवाले चार पंचायत समन्वय अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।



### पत्रकारिता को समर्पित रहा शरद जी का जीवन– जैन

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के स्व. जोशी को संगठन ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व. शरद जोशी ने अपना पूरा जीवन पत्रकारिता एवं पत्रकार हितों के लिए समर्पित कर दिया था। संगठन के माध्यम से प्रदेश के पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए स्व. जोशी हमेशा तत्पर रहते थे। उनका असमय चले जाना मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सहित प्रदेशभर के पत्रकारों के लिए बड़ी क्षति है, जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। यह बात मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन ने स्व. जोशी के निधन पर संगठन की शाजापुर इकाई द्वारा आयोजित शोक सभा को संबोधित करते हुए कही। शोक सभा को संगठन के जिला महासचिव राजेंद्र राठौर, सुनील हंचोरिया, विजय जोशी, वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र आचार्य ने भी संबोधित किया और व. जोशी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार उपस्थित थे। शोक सभा के अंत में सभी पत्रकारों ने स्व. जोशी की आत्म शांति के लिए 1 मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा का संचालन शाजापुर ब्लॉक इकाई अध्यक्ष हेमंत आर्य ने किया।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान विस्थापन, हिंसा और अपार मानवीय पीड़ा का सामना करने वाले लोगों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी ने बताया कि विभाजन का इतिहास हमारे देश के सबसे काले और दर्दनाक अध्यायों में से एक है। 1947 में जब देश का बंटवारा हुआ, तो इसने लाखों लोगों की जिंदगियों को हमेशा के लिए बदल दिया। इस दौरान कई लोगों ने अपने सगे-सम्बन्धियों को खो दिया और बेहिसाब शारीरिक व मानसिक पीड़ा झेली। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. बी. एल. मालवीय ने कहा कि विभाजन की त्रासदी केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि लाखों लोगों के संघर्ष, त्याग और पीड़ा की स्मृति है। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. मीनू गिडवानी ने कहा कि इस भीषण त्रासदी के बाद भी देश के लोगों ने हिम्मत नहीं हारी, नये सिरे से शुरूआत कर अपनी मेहनत से जिंदगी को फिर से खड़ा किया और आर्थिक व सामाजिक मुकाम पाया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने विभाजन की विभीषिका में अपने प्राण गंवाने वाले तथा विस्थापन का दंश झेलने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की व मौन जुलूस निकाला।

### आगर-मालवा में स्वतंत्रता दिवस पर सरपंच से मारपीट

## उमरपुर ग्राम पंचयात कार्यालय के ध्वजारोहण कार्यक्रम में विवाद

**अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**

आगर-मालवा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उमरपुर ग्राम पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान विवाद हो गया। इस दौरान खजुरी चोपड़ा निवासी ग्राम पंचायत के सरपंच के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। घटना के बाद सरपंच ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, सरपंच ईश्वर प्रजापति (निवासी खजुरी चोपड़ा) स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के लिए उमरपुर ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान उनका पुराने विवाद को लेकर राधेश्याम यादव और उनके पुत्र विशाल यादव से विवाद हो गया। लकड़ी से पीटा, सिर से निकला खून

शिकायत में आरोप है कि विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद विशाल यादव ने लकड़ी से सरपंच के सिर पर वार कर दिया। इससे उन्हें चोट लगी और खून बहने लगा। इसके उपरांत राधेश्याम यादव पर भी लकड़ी से मारपीट करने का आरोप है। शिकायत में बताया गया है कि मारपीट में सरपंच के हाथ की कोहनी, उंगली और पैर में भी चोटें आई हैं।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इस घटना के बाद सरपंच को उपचार के लिए जिला अस्पताल आगर ले जाया गया। सरपंच की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद की जाएगी।

### डूंगरिया के युवाओं ने तय की 70 किमी की दूरी

## राजस्थान के क्यासरा महादेव मंदिर पहुंची भव्य डाक कावड़ यात्रा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर**

धार्मिक उत्साह और भक्तिभाव के साथ ग्राम डूंगरिया से युवाओं का एक दल डाक कावड़ यात्रा लेकर राजस्थान के झालावाड़ जिले की डग तहसील स्थित प्रसिद्ध क्यासरा (कायावर्णेश्वर) महादेव मंदिर पहुंचा।

श्रद्धालुओं ने पूरे 70 किलोमीटर का कठिन मार्ग बिना रुके दौड़ते हुए तय किया और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। ग्राम डूंगरिया से रवाना हुई इस डाक कावड़ यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर-हर महादेव और जय भोले के जयकारों के साथ पूरी यात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। डाक कावड़ की परंपरा के



अनुसार कावड़ियों ने निरंतर दौड़ते हुए 70 किमी की दूरी पूरी की।

मार्ग में स्थान-स्थान पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। डग क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक क्यासरा महादेव मंदिर पहुंचने पर युवाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का पवित्र जल से अभिषेक किया और गांव तथा क्षेत्र की समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की। इस कठिन एवं पावन यात्रा को सफल बनाने में गांव के युवा साथी दशरथ, गोविंद, महेंद्र, दशरथ, गोविंद, दीपक, नागेश्वर, दारासिंह, दीपक, दिनेश और सुमेर का विशेष सहयोग व सराहनीय योगदान रहा। जानकारी महेन्द्र सिंह ने दी।

## आज मां पार्वती के जल से बड़ा महादेव का जलाभिषेक करेंगे कांवरिया

**ब्यावरा।** माँ राजराजेश्वरी कावड़ यात्रा समिति मलावर क्षेत्र के तत्वाधान में विशाल कावड़ यात्रा आज सोमवार 17 अगस्त को निकलेगी समिति के मीडिया प्रभारी सुरेश सुमन ने बताया कि ये कावड़ यात्रा का आठवां वर्ष है यात्रा सोमवार को सुबह 8 बजे से माँ पार्वती नदी के तट से सेकनपुर घाट से प्रारम्भ होगी समिति के वरिष्ठ सदस्य ने रामकरन सोंधिया, श्रीनाथ गुप्ता ने बताया कि हजारों की संख्या में कावड़ यात्री कांवड लेकर पैदल चल कर भगवान बड़ा महादेव मलावर का जल अभिषेक करेंगे। काँवड़ यात्रा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीना ने बताया की कावड़ यात्री लगभाग 25 किलोमीटर पैदल चल कर ग्राम सिलखेड़ा, लखनवास, लोधीपुरा, सुंदरपुरा, जामनकापुरा, आगर, आगरी, चुकलिया, गुंजारी, मलावर, खेड़ी, कुशलपुरा से होते शाम को 4:30 बजे बड़ा महादेव मंदिर मलावर समापन होगा जहां पर हजारों की संख्या में कांवड यात्री भगवान बड़ा महादेव का जलाभिषेक कर महाप्रसादी ग्रहण करेंगे।




## स्वाधीनता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ पर विद्युत सज्जा नहीं

**चंदेसरा।** क्षेत्र में स्वाधीनता दिवस की 80 वी वर्षगांठ के राष्ट्रीय पर्व पर शासकीय अर्धशकीय तथा सामुदायिक संस्थाओं के भवनों पर मध्य प्रदेश शासन के आदेशों की अनदेखी करते हुए स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर किसी भी संस्था मुख्यालय एवं भवनों पर इस वर्ष आकर्षक विद्युत सज्जा नहीं की गई।

ज्ञातव्य है कि गत 26 जनवरी 2026 को शासन के आदेश अनुसार गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को सभी शासकीय एवं अशासकीय भावनाओं पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी लेकिन स्वाधीनता दिवस के पूर्व संध्या पर विद्युत सज्जा नहीं करने का कारण राष्ट्रीय पर्वों की अनदेखी पदाधिकारी एवं शासकीय तंत्र की शिथिलता को उजागर करता है ।

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन (म.प्र.)**

## सूचना

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन (पंजीयन क्रमांकः 1, दिनांक 19 जुलाई 1918) के समस्त माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 108 वीं वार्षिक साधारण सभा बैंक के प्रधान कार्यालय भवन, 03 भरतपुरी, प्रशासनिक क्षेत्र, देवासरोड, उज्जैन (म.प्र.) के सभाकक्ष में दिनांक 22/08/2026, दिन शनिवार को दोपहर 12.00 बजे आयोजित की गयी है।

कृपया वार्षिक साधारण सभा मे उपस्थित होने का कष्ट करें।

**– मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन का 15 का पश्चिम दिशा वाला भाग (जिसका नवीन भवन क्रमांक 15/1 है) पटेल नगर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 46.48 वर्ग मीटर हैं। उक्त भवन को उसके पूर्व भवन स्वामी नारायण दास पिता तुलसीदास एवं किशन दास पिता तुलसीदास से रजिस्टर ई-विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक एम.पी. दिनांक 28.10.2017 को श्रीमती हेमलता पति चंद्रशेखर आसवानी, चंद्रशेखर पिता उत्तम चंद आसवानी, योगेश पिता चंद्रशेखर आसवानी के द्वारा संयुक्त रूप से क्रय किया गया था। जिसके पश्चात चंद्रशेखर पिता उत्तमचंद आसवानी की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनकी पुत्री दामिनी आसवानी, हिना आसवानी का नाम स्वर्गीय चंद्रशेखर आसवानी के नाम के स्थान पर नगरपालिक निगम उज्जैन के रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। जिसके पश्चात उपरोक्त संपत्ति के संयुक्त रूप से स्वामी हेमलता, योगेश, दामिनी, एवं हिना हुए। जिनके द्वारा उक्त संपत्ति को विक्रय करने हेतु दिनांक 02.07.2026 को एक विक्रय अनुबंध पत्र श्यामलाल साहू पिता श्री अवंतिलाल साहू के पक्ष में निष्पादित किया गया। स्वर्गीय श्री चंद्रशेखर पिता उत्तम चंद के अन्य को उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखता हो, वह वर्तमान जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (7) दिवस की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड उज्जैन के द्वारा उक्त मकान , अन्यथा 15 का पश्चिम दिशा वाला भाग 46.48 वर्ग मीटर को बंधक कर (जिसका नवीन म्युनिसिपल क्रमांक 15/1 है) जिसका कुल क्षेत्रफल श्यामलाल साहू को ऋण प्रदान कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। दिनांक 16-08-2026

**विशाल चौबे (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
**ऑफिसः 303 स्मार्ट ट्रेड सेंटर जोन के पास, फ्रीगंज, उज्जैन (म. प्र.)**
**मोबा. 9893745889, 87708-07251**









CMYK

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

BHOPAL-GWALIOR REGIONAL



## रामपुर में पत्नी के प्राइवेट पार्ट में करंट लगाकर हत्या

**बिलासपुर।** रामपुर में पति ने पत्नी को करंट लगाकर उसकी हत्या कर दी। पत्नी को मायके से जमीन मिली थी। पति उस जमीन को बेचना चाहता था। इसके लिए पत्नी पर लगातार दबाव बना रहा था। शुक्रवार रात करीब 2 बजे पति ने पत्नी के साथ मारपीट की। आरोप है कि उसने पत्नी के हाथ-पैर बांधकर करंट लगाया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह शव को अपने गांव ले गया। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और महिला के मायके वालों को घटना की जानकारी दी। मायके वालों ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। रविवार को पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया। पूरी घटना केमरी थाना क्षेत्र की है। नसरीन के चाचा इसरार ने बताया कि ससुराल वाले इस जमीन को बेचना चाहते थे, लेकिन नसरीन ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए जमीन बेचने से मना कर दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

## महिला डॉक्टर की लाश अपनी ही क्लिनिक में मिली

**मेरठ।** मेरठ में एक महिला डॉक्टर का शव रविवार सुबह उनकी ही क्लिनिक में फंदे से लटका मिला। डॉक्टर के छोटे भाई ने पुलिस को बताया कि दीदी की हत्या की गई है। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। वह आज सुबह 6.15 बजे घर से निकली थीं। मैं किसी काम से क्लिनिक आया तो घटना का पता चला। डॉक्टर खुशहाली में कॉन्स्टेबल थीं। दो साल पहले उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद से पल्लवपुरम फेस-2 में आयुर्वेदा एंड नेचुरल सेंटर नाम से क्लिनिक चला रही थीं। 7 महीने पहले खुशहाली की शादी हुई थी। पति से झगड़े के बाद वो मायके में रहने लगी थीं। पुलिस क्लिनिक के सीसीटीवी जुटाकर घटना की जांच में जुटी है। आयुर्वेद की डॉ. खुशहाली (26) पल्लवपुरम के सी-54 रायल पार्क एक्सटेंशन की रहने वाली थीं। उनकी शादी 14 जनवरी, 2026 को टीपीनगर के ईरश गार्डन निवासी मयंक चौधरी से हुई थी। मयंक भी आयुर्वेद का डॉक्टर है। खुशहाली ने सुभारती यूनिवर्सिटी से बैचलर इन नेचुरोपैथी और योग में किया है।

## छोटे-भाई की मौत के सदमे में बड़े ने तोड़ा दम

**कोटा** कोटा में छोटे भाई की मौत की खबर सुनने के बाद सदमे में बड़े भाई ने भी दम तोड़ दिया। दोनों भाइयों की अर्थी एक साथ निकली और अंतिम संस्कार भी एक ही चिता पर किया गया। बोरखेड़ा इलाके में रहने वाले दुर्गालाल कुशवाह (75) लंबे समय से अस्वस्थ थे। रविवार सुबह करीब 7 बजे उनकी मौत हो गई थी। परिजन उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दुर्गालाल की मौत की सूचना परिवार के सदस्यों को दी गई। घर पर आराम कर रहे गोपाल कुशवाह (80) ने छोटे भाई की मौत की खबर सुनी तो सदमे में सुबह करीब 8 बजे उन्होंने भी दम तोड़ दिया। परिजन उन्हें हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन शिवराज कुशवाह ने बताया- दोनों भाइयों दुर्गालाल कुशवाह और गोपाल कुशवाह के बीच गहरा लगाव था। दुर्गालाल कुशवाह लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जबकि गोपाल कुशवाह स्वस्थ थे। सुबह छोटे भाई दुर्गालाल का निधन हो गया था। बड़े भाई गोपाल कुशवाह को इसकी सूचना मिली तो सदमे में उन्होंने भी दम तोड़ दिया। बोरखेड़ा मुक्तिधाम में दोनों का एक ही चिता पर सुबह करीब 11 बजे अंतिम संस्कार किया गया।

## फर्रुखाबाद में रेलवे ट्रैक डूबा अस्पताल में भरा पानी

**लखनऊ/वाराणसी** यूपी में मानसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। रविवार सुबह से लखनऊ, रायबरेली, कानपुर, वाराणसी, बरेली समेत 25 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। गोरखपुर समेत 20 से ज्यादा शहरों में बादल छाए हैं। रायबरेली में बारिश के बाद सरकारी अस्पताल परिसर में पानी भर गया। मरीजों और तीमारदारों को घुटनों तक भरे पानी के बीच से होकर अस्पताल पहुंचना पड़ा। फर्रुखाबाद में नेकपुर पुल के पास करीब 150 मीटर कासगंज-कानपुर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गया। लखनऊ में तड़के 3 बजे जोरदार बारिश शुरू हुई। 5 घंटे तक लगातार बारिश हुई। शहर के कई इलाकों में सड़कों पर 3-4 फीट पानी भर गया। जलभराव में कई बाइक बंद हो गईं। गलियां तालाब बन गईं। पानी घरों और दुकानों में घुस गया। कई कार आधी डूबी नजर आईं। इधर, प्रदेश में गंगा, यमुना समेत 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी और बरदहा नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। रामघाट की सीढ़ियां डूब गई हैं। मानिकपुर में यूपी-एमपी को जोड़ने वाला छोटा पुल (रपटा) पिछले 36 घंटों से जलमग्न है।

## पारिवारिक विवाद में कमलिया बायपास पर मारपीट

**शुजालपुर.** कमलिया बायपास स्थित रेस्टोरेंट के पास शनिवार दोपहर एक युवक के साथ चार लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। युवक ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने गाली-गलौज के बाद लकड़ी, तलवार और चाकू से हमला किया। हमले में युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जश अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह विवाद पति पत्नी का रिस्ता छुटने की बात को लेकर होना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर.1 बंजीपुरा शुजालपुर सिटी निवासी मोहसिन खान 32 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है। 15 अगस्त को वह रुद्राक्ष गार्डन के पास काम करने के बाद खाना खाने घर लौट रहा था। दोपहर करीब 1.40 बजे कमलिया बायपास स्थित भाई-भाई रेस्टोरेंट के पास पहुंचा तो वहां शाकीर खां, तोकीर खां, समीर खां और अनिस खां खड़े थे। मोहसिन के अनुसार चारों ने पति-पत्नी के विवाद को लेकर उसे गालियां देना शुरू कर दिया।

### त्रि-संयोग में उज्जैन में श्रद्धालुओं का बहाव आया...

# उज्जैन 3 दिनी वेकेशन में सड़क से लेकर आश्रय सब हाउसफूल

### होटल,लाज,धर्मशाला,होमस्टे,रेस्ट हाउस फूल, श्रद्धालुओं के आगे सडके सकरी हुई

**उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर के त्रि संयोग ( श्रावण सोमवार,नागपंचमी,श्रावण सवारी) में दर्शन के लिए श्रद्धालु दिवाने हुए हैं। नागपंचमी,सोमवार सवारी और इसके साथ भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या के आगे सडकें सकरी हुई हैं। 3दिनी वेकेशन में उज्जैन में श्रद्धालुओं का बहाव आ गया है। यहां सब कुछ फूल हो गया है। भोजन के लिए चलने वाले भोजनालय और रेस्टोरेंट में भी जमकर भीड उमडी हुई है।

धर्म नगरी में श्रद्धालुओं के तीन दिनी वेकेशन में बडी संख्या में आने का सिलसिला बरकरार है। इसके चलते व्यवस्थाएं डगमगाने के स्तर पर हैं। रोड से लेकर शहर में व्यवस्था तक में इसका असर देखा जा रहा है। उज्जैन में शुक्रवार दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं की संख्या बराबर बढती जा रही है। इनके आने और जाने का क्रम लगातार जारी हैं। उसके बावजूद रविवार देर शाम तक भगवान श्री महाकालेश्वर एवं नागचंद्रेश्वर के दर्शन के साथ ही प्रमुख धर्मस्थलों के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का जमावडा बराबर बना हुआ है। यह स्थिति सोमवार को तीसरी सवारी निकलने के दौरान कायम रहना तय है।

**शहर में रूकने का आश्रय मिलना मुश्किल हुआ-** तीन दिनी वेकेशन के चलते शुक्रवार रात से शहर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को रूकने का आश्रय मिलना मुश्किल से हो रहा है। सामान्य बजट में छोटे होटल एवं लाज,धर्मशालाओं , रेस्ट हाउस में रविवार को फूल की स्थिति रही है। इसके चलते बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को रूकने के स्थल ढूंढना पड रहे हैं उसके बाद भी कई स्थानों पर चक्कर काटने पर कहीं एक जगह 2-4 घंटे इंतजार के बाद एक रूम खाली होने पर मिल पा रहा है। वो भी श्रद्धालुओं की मांग ओर सुविधा के अनुसार नहीं मिल रहा है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को उसमें एडजस्ट करना पड रहा है। स्थिति को देखते हुए होम स्टे एवं छोटी बजट की होटल वालों ने रातों-रात किराए में वृद्धि कर दी है और उसी मान से श्रद्धालुओं से वसूली शुरू हो गई है।

**निम्न आश्रय 1 हजार -** बढती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए शहर में एक हजार रूपए से नीचे आश्रय स्थल नहीं मिल रहा है। हालत यह है कि धर्मशालाओं में भी इसी मान से वसूली की जा रही है। जहां होम स्टे में मात्र 750 रूपए में कमरे उपलब्ध थे वहां एक हजार से 1200रूपए की मांग की जा रही है।

**भीड बडी तो कमीशन बढा-** इधर सामने आ रहा है कि श्रद्धालुओं की बढती संख्या के सामने आश्रय स्थल की कमी का लाभ आश्रय स्थल संचालक ही नहीं उठा रहे हैं । ई-रिक्शा,आटो रिक्शा वालों को भी इसका लाभ मिल रहा है। उन्हें संबंधित स्थल पर ले जाने पर संबंधित संचालक किराए के मान से ही तय कमीशन का हिस्सा दे रहे हैं। यह हिस्सा रातों रात बढाए गए किराए पर उन्हें भी बढी दर से दिया जा रहा है।

**इंदौर रोड पर कई बार जाम से हाल-** शहर में श्रद्धालुओं के आगमन के प्रमुख मार्ग में इंदौर रोड की गिनती पहले नंबर पर होती है।

इस मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी ज्यादा रहती है। मार्ग को 6 लेन में अपडेट किया जा रहा है जिसके चलते मार्ग के कई स्थानों पर कार्य जारी है। इस कारण से मार्ग पर आने वाले वाहनों को धीमी गति और कई जगह परिवर्तन के कारण जाम से हालात बन रहे हैं। टोल पर भी वाहनों के निकलने में समय लग रहा है । दिन में तीन बार जाम जैसे हालात बने थे। वाहन धीरे-धीरे ही यहां निकल रहे हैं।

**ऐसा है 3-4 दिनी वेकेशन-** शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के साथ ही पूरे दिन वेकेशन के हाल रहे हैं। उसके साथ ही उसके अगले दिन रविवार और उसके अगले दिन सोमवार को नागपंचमी एवं सोमवार सवारी का अवकाश रहना है। इस तरह से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीन दिन का वेकेशन है। स्थानीय एवं जिले के निवासियों के लिए यह वेकेशन 4 दिन की स्थिति का है। सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण भादौ मास में निकलने वाली सवारियों के क्रम में तीसरी सवारी निकलेगी। सवारी में लाखों श्रद्धालु शहर ही नहीं आसपास के गांवों एवं जिलों से भगवान के 3 स्वरूपों के दर्शन के लिए जुटेंगे।



#### सामान्य नाश्ता की दर बढी

श्रद्धालुओं की बढती संख्या को देखते ही शहर में बस स्टैंड से लेकर मंदिर क्षेत्र में ई-रिक्शा, आटो रिक्शा में किराया मन माफिक वसूली शुरू हो गया है। हाल यह देखे जा रहे हैं कि सामान्य चाय पोहा की दुकान पर भी दर ने उछाल भर लिया है। सामान्य कट चाय जो 5 रूपए में मिलती है उसके सीधे 10 रूपए वसूले जा रहे हैं । कुल्हड में चाय लेने वालों से सीधे 15 रूपए की वसूली हो रही है। हाफ प्लेट पोहा सीधे 15 रूपए में दिया जा रहा है। उसमें अगर अलग से प्याज और मसाला की मांग की जा रही है तो सीधे 20 रूपए लिए जा रहे हैं। हाफ प्लेट पोहे का मापदंड भी दुकानदार की मनमाफिक चल रहा है। आधी मुठ्ठी सेंव के अलग से 10-15 रूपए वसूले जा रहे हैं।

#### धर्मस्थल क्षेत्र की सडकों पर रेंगे वाहन

रविवार को शहर के प्रमुख धर्मस्थल क्षेत्रों में अत्यधिक भीड का दबाव होने से कई बार जाम के हालात बने रहे। गढकालिका, कालभैरव सहित प्रमुख मंदिर क्षेत्रों में जाम की स्थिति दिन भर रही है। श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र की सडकों पर भी यही हाल दिन में कई बार बने रहे। अत्यधिक ई-रिक्शा के प्रवेश से मार्ग पर दोनों और के साथ चौराहों पर भी जाम के हाल रहे। गढकालिका क्षेत्र में जाम से श्रद्धालु परेशान होते रहे।

## सुदामा नगर-विश्वकर्मा नगर को मिली नई कनेक्टिविटी सीएम मोहन यादव ने किया लिंक रोड का लोकार्पण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुदामा नगरङ्कविश्वकर्मा नगर के बीच अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोड़ने वाली लिंक रोड का लोकार्पण प्रमुख रूप से शामिल रहा।

करीब 0.95 किलोमीटर लंबी इस लिंक रोड का निर्माण 16.61 करोड़ की लागत से किया गया है। सड़क के निर्माण से अन्नपूर्णा रोड और रिंग रोड के बीच सीधा संपर्क स्थापित होने के साथ आसपास के क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

**आवागमन में मिलेगी सुविधा**

लिंक रोड के शुरू होने से सुदामा नगर, विश्वकर्मा नगर और आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों को आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। स्थानीय स्तर पर यातायात का दबाव कम करने और प्रमुख मार्गों तक पहुंच आसान बनाने में भी इस सड़क की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से वाहन चालकों को कई स्थानों पर लंबा रास्ता तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे समय और ईंधन की बचत होने के साथ क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

**शहर के विस्तार के साथ बढ़ रही जरूरत-**इंदौर शहर लगातार विस्तार कर रहा है और नई आवासीय बस्तियों के साथ यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है। ऐसे में आंतरिक सड़कों को प्रमुख मार्गों से जोड़ने वाली लिंक रोड की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। सुदामा नगर विश्वकर्मा नगर लिंक रोड इसी दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लोकार्पण के बाद यह मार्ग आम नागरिकों के लिए उपलब्ध हो गया। क्षेत्र के रहवासियों को उम्मीद है कि सड़क शुरू होने से दैनिक आवागमन के साथ व्यापारिक और अन्य गतिविधियों को भी गति मिलेगी। **विकास कार्यों पर सरकार का जोर-** मुख्यमंत्री के इंदौर दौरे के दौरान शहर के बुनियादी ढांचे, सड़क और कनेक्टिविटी से जुड़े विकास कार्यों को प्रमुखता दी गई। सरकार की ओर से शहरी क्षेत्रों में बेहतर सड़क नेटवर्क विकसित करने और प्रमुख मार्गों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। सुदामा नगर-विश्वकर्मा नगर लिंक रोड का लोकार्पण भी इसी क्रम में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## खड़गे का अपमान विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**शुजालपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अपमान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुजालपुर में प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन के तहत कांग्रेसजनों ने सिटी बस स्टैंड से डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं के कथित कृत्य के विरोध में नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि गत दिवस उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उस स्थान का शुद्धिकरण किया गया, जहां खड़गे ने खड़े होकर भाषण दिया था। उन्होंने इस कृत्य की निंदा करते हुए भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। एक ओर सबका साथ, सबका विकास का दावा किया जाता है।

## शिक्षण व्यवस्था से प्रभावित हुई कलेक्टर

**शुजालपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर शाजापुर ऋजु बाफना ने शासकीय हाई स्कूल अख्तियारपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों से चर्चा कर पढ़ाई और भविष्य के लक्ष्य को लेकर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पूछा कि पास ही स्थित शुजालपुर सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश क्यों नहीं लेते। विद्यार्थियों ने कहा कि उनके विद्यालय में ही विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीक से बेहतर अध्यापन कराया जा रहा है। विद्यार्थियों के जवाब पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की। कक्षा 10वीं के विज्ञान शिक्षक अनिल परमार ने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से शिक्षण का प्रस्तुतीकरण दिया।

## खेत से मोटर चोरी, 35 अमरूद के पेड़ काटे

**शुजालपुर।** पुलिस थाना सिटी अन्तर्गत ग्राम मंडावर में खेत की रखवाली करने गए किसान ने रात के अंधेरे में चोरी और पेड़ काटकर नुकसान करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम मंडावर निवासी धरमसिंह पिता दिलीपसिंह परमार ने बताया कि वह खेती-किसानी करता है और ग्राम कमल्या निवासी हुकमसिंह परमार की मंडावर स्थित जमीन की देखरेख भी करता है। 15 अगस्त की रात करीब 11 बजे वह खेत पर चक्कर लगाने गया था। इसी दौरान उसने देखा कि गोविंद पिता विक्रमसिंह और हंसराज पिता विक्रमसिंह निवासी ग्राम सिमरोल थाना सुंदरसी खेत में बने कमरे से 5 हार्स पावर की जलधारा मोटर निकालकर सफेद रंग की कार में रख रहे थे। धरमसिंह ने उन्हें आवाज दी तो दोनों कार लेकर मौके से भाग गए। इसके बाद कमरे पर जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ था और अंदर रखी मोटर गायब थी। खेत के बगीचे में जांच करने पर 35 फलदार अमरूद के पेड़ कटे मिले। वहीं चार आम के पौधे और चंदन के पेड़ भी काटे गए थे।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी लखन पिता भगवानसिंह एवं मायाबाई पिता भगवानसिंह एवं चंदरबाई पति भगवानसिंह जाति आँजना निवासी कृषक ग्राम तालोद तहसील उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 305/1 रकबा 2.00 हेक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 2.00 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम तालोद तहसील उज्जैन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो । इति दिनांक - 15-08-2026

**बिंदु ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज सुरासा उज्जैन**
**मो. 7879980435**

## ध्वजारोहण और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच मना स्वतंत्रता दिवस

**सीएम राइज विद्यालय मैदान पर हुआ मुख्य समारोह, शैक्षणिक संस्थाओं सहित शासकीय कार्यालयों में भी हुआ ध्वजा रोहण**

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

नगर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मनाया गया। माँ शारदा संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज शुजालपुर प्रांगण में आयोजित समारोह में ध्वजा रोहण कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष सीता देवी पाटोंदिया, मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बबीता बेनीप्रसाद परमार व विशेष अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मंजू गोविंद मेवाडा सहित एसडीएम अंकिता पाटकर, एसडीओपी निमेष देमशमुख सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। महाविद्यालय मैदान पर आयोजित समारोह में अतिथियों ने ध्वजा रोहण किया, इसके उपरांत संदेश वाचन, मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। नगर पालिका कार्यलय में नपा अध्यक्ष बबीता परमार, मार्केटिंग सोसयटी में अध्यक्ष शिवनारायण राजपूत, विवेकानंद नागरिक बैंक में डां. विजयसिंह खीची ने ध्वजा रोहण किया। इसी प्रकार आजादी का पर्व स्कालर्स एकेडमी, दीप्ती कांवेंट विद्यालय, एसेंट विद्यालय, टेलेंट विद्यालय, जॉय एकेडमी, विद्यारंभ विद्यालय, रेड रोड विद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक शालाओं में उत्साह के साथ मनाया गया।

**चिकित्सकों ने किया सामूहिक ध्वजारोहण**

स्वतंत्रता दिवस पर परशुराम चौराहा राष्ट्रभक्ति के रंग में नजर आया। परशुराम सेना जिला इकाई शाजापुर एवं सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। डॉ. केके भार्गव, डॉ. धीरेंद्र दवे, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. प्रदीप बिल्लौरे, डॉ. रविंद्र शर्मा, डॉ. विजय शास्त्री एवं डॉ. राहुल शर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम सेना जिलाध्यक्ष रामानुज समाधिया ने की। विशिष्ट अतिथि सप्तऋषि ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. जनक जोशी रहे। राष्ट्रगान के बाद शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



संचालन गंगाधर शर्मा व गोपाल शुक्ला ने किया। स्कॉलर्स एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि अभिनील जाधव, सरला देशमुख एवं प्रतिमा देशमुख ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। कार्यक्रम में इंटर हाउस गतिविधियों के लिए नव नियुक्त विद्यार्थियों की घोषणा की गई। प्रताप, शिवाजी, प्रसन्न एवं सत्यव्रत हाउस के प्रिफेक्ट्स के साथ हेड बॉय व हेड गर्ल का चयन कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। विभिन्न क्लबों एवं नृत्य, संगीत, कला शिल्प और खेल गतिविधियों के लिए भी विद्यार्थियों को दायित्व दिए गए तथा शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत, ईमानदारी और राष्ट्रप्रेम के साथ देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। संस्था संचालक सत्यजीत देशमुख एवं प्राचार्य गीता देशमुख ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**पीएम श्रीकन्या उमावि में भी हुआ आयोजन**

पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि शुजालपुर मंडी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं घोष दल ने शानदार सलामी दी। विद्यालय स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के बाद छात्राओं को मिठाई वितरित की गई। प्राचार्य अल्पना राणा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रप्रेम तथा देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीतू मकवाना पति गोविंदजी मकवाना के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक-78 का उत्तरी दिशा वाला भाग, बैजनाथ धाम कॉलोनी (बैजनाथ धाम गह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित आगर कॉलोनी) आगर-मालवा (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 93.74 वर्गमीटर का होकर उपरोक्त वर्णित संपत्ति का संपूर्ण भूखण्ड क्रं-78 कुल क्षेत्रफल-168.75 वर्गमीटर के रूप में नीतू मकवाना ने इसके पूर्व स्वामी से विधिवत विक्रय विलेख पंजीयन क्र एमपी 512812024ए1132040 दिनांक 02-02-2024 द्वारा क्रय किया है, जिसकी चेन दस्तावेज में से पूर्व स्वामी के नाम का विक्रय पत्र पंजीयन क्र-एमपी 512812017ए1175311 दिनांक 31-03-2017 संपत्ति स्वामी से रास्ते में कहीं गिर गई है या कहीं गुम हो गई है तथा अत्यधिक प्रयास करने पर भी नहीं मिल पाई है ऐसा संपत्ति स्वामी द्वारा बतलाया गया है तथा जिसके संबंध में संपत्ति स्वामी ने विधिवत पुलिस थाने में दस्तावेज गुमशुदगी की सूचना दे दी है। वर्तमान में संपत्ति स्वामी द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति को मेरी पक्षकार बैंक आफ बडौदा में बंधक रखते हुए भवन निर्माण हेतु गृह ऋण प्राप्त किया जा रहा है, अतः यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति का चेन दस्तावेज क्रं एमपी 512812017ए1175311 दिनांक 31-03-2017 किसी को प्राप्त हो या फिर उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति ने अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी पक्षकार बैंक उपरोक्त वर्णित संपत्ति को अपने हित में बंधक रखते हुए ऋण प्रदान की कार्यवाही करेगी तदोपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 17.08.2026

**सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट**
**ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 9826279028**

## न्यूज-कॉलम

### खाद की बिक्री पर रोक से किसान परेशान

**पिपलिया मंडी।** खरीफ सीजन के महत्वपूर्ण दौर में मध्यप्रदेश में अनुदानित खाद की बिक्री पर रोक लगाए जाने से किसानों के सामने चिंता की स्थिति पैदा हो गई है। 14 अगस्त की शाम से खाद की बिक्री रोककर स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है। प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मध्यप्रदेश विनोद पटेल डूंगलावदा ने कहा कि किसान पहले ही मौसम, महंगाई और बढ़ती लागत की मार झेल रहा है। ऐसे समय में खाद की बिक्री रुकना किसानों की परेशानी को और बढ़ाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्टॉक का सत्यापन करना है तो करे, लेकिन इसका खामियाजा किसान क्यों भुगते खेत में फसल को जब खाद की जरूरत होती है, उसी समय किसान को खाद के लिए परेशान होना पड़े, यह व्यवस्था की गंभीर विफलता है।

### नपाध्यक्ष ने नपा कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**नीमच।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ नगरपालिका, नीमच द्वारा धुमधाम से उत्साह पूर्वक मनायी गयी । नगरपालिका कार्यालय सहित नगरपालिका के सभी शासकीय भवनों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई एवं शहर के प्रमुख चौराहों, बगीचों व महापुरूषों की प्रतिमाओं को तिरंगों से सज्जित किया गया। 15 अगस्त को नगरपालिका कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, नपा के सभापतिगण, पार्षदगण, एल्डरमैन, नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान नपाअध्यक्ष सहित उपस्थित जनों ने तिरंगे के रंग के गुब्बारे को आकाश में छोड़ा।

### रतलाम में कांग्रेस ने किया झंडा वंदन

**रतलाम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नित्यानंद मार्केट में कांग्रेस द्वारा झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। झंडा वंदन रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने किया। सभी पदाधिकारियों के उन्होंने अपने-अपने वक्तव्य दिए कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकताओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान निर्धारित स्थल पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया और देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।

### अवैध शराब के विरुद्ध सघन कार्रवाई

**नीमच।** 15अगस्त को घोषित शुष्क दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के आदेश तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. दांगी के निर्देशन में नीमच आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन तलाशी एवं छापेमारी अभियान चलाया गया।सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. सिंगडा के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक श्री संजय कुमार कवारे, श्री दीपक आंजना एवं श्री पंकज राठौड़ के आबकारी दल ने नीमच शहर के साथ ग्राम भंवरासा, सगरग्राम, किशनपुरिया, बोरखेड़ी सहित अन्य चिन्हित स्थानों तथा नीमच-महू हाईवे स्थित ढाबों पर कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान 57 लीटर अवैध महुआ हाथ भट्टी कच्ची मदिरा, 950 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 2 लीटर देशी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। कार्रवाई में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

### बोल बम वाहन यात्रा करेगी भगवान महाकाल का अभिषेक

**पिपलिया मंडी।** प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी बोल बम वाहन यात्रा टीला खेड़ा बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर साढ़े 8 बजे प्रस्थान किया। जिसका वरिष्ठ समाजसेवी श्री रूपचंद होतवानी,सुनील जी महाबली,हिम्मत जी डांगी सहित कई वरिष्ठ जनो ने बोम बम सायकल यात्रा संघ के संयोजक किशोर जी रोचानी को गांधी चाहरे पर साफा पहनाकर स्वागत किया।

# आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल तथा विक्रम सीमेंट ने सामूहिक रुप से स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच


नीमच,आदित्य स्कूल स्वतंत्रता दिवस मनाया

आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल तथा विक्रम सीमेंट वर्क्स ने सामूहिक रूप से 80वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया। मुख्यातिथि श्री आवासा मिश्रा (यूनिट हेड-विक्रम सीमेंट वर्क्स, चेयरमेन ऑफ आदित्य बिड़ला स्कूल्स) ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। विक्रम सीमेंट के सुरक्षा दस्ते द्वारा शानदार परेड प्रस्तुत कर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई। गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती ममता मिश्रा (अध्यक्षा-राजश्री महिला मंडल) रहीं।

इस अवसर पर श्री अनंत शर्मा एफ. एच. एच. आर. एवं सचिव आदित्य बिड़ला स्कूल्स, श्री डी.के. सिंह- एफ.एच. प्रोजेक्ट, श्री अक्षय जैन- एफ. एच. टेक्निकल, श्री आशीष हिंगर- एफ. एच. फाइनेंस एण्ड कॉमर्शियल, श्री भूपेंद्र खोरपिया- एफ. एच. माइन्स तथा श्री राजेश सैनी-एफ.एच.प्रोजेक्ट (सिविल हैड) ने अपनी गरिमामयी उपस्थित से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों की देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत सामूहिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। छात्रों की प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथिगण एवं दर्शकगण देशप्रेम की भावना से सराबोर हुए। सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा छात्रों की अभिनय कला एवं प्रस्तुतियों को सराहा।

सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं, बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले, खेल गतिविधियों में राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले एवं भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेताओं को इन शानदार उपलब्धियों पर बधाइयाँ देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामनाएँ की गई।

अपने उद्बोधन में मुख्यातिथि महोदय ने कहा कि वीर शहीदों का बलिदान हमें सिखाता है कि राष्ट्र प्रेम ही सर्वोपरि है। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, सहयोग, ईमानदारी एवं देश के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए अपने विद्यालय, समाज और देश को उन्नत, सक्षम एवं समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही उपस्थित जन समूह को विक्रम सीमेंट के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों से अवगत कराया। संपूर्ण कार्यक्रम सुश्री रिकू बनर्जी, प्राचार्या, आदित्य बिड़ला हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं श्रीमती प्रियदर्शिनी चौहान, प्राचार्या, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के निर्देशन एवम् मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## रतलाम पुलिस की बड़ी सफलता

# सराफा व्यापारी से हुई करोड़ों की लूट का 48 घंटे में खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



पुलिस ने थाना बिलपांक क्षेत्र में सराफा व्यापारी के साथ हुई बड़ी लूट की घटना का त्वरित एवं सफल पदार्फाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.167 किलोग्राम सोने के आभूषण एवं 4.047 किलोग्राम चांदी के आभूषण, कुल अनुमानित कीमत लगभग 5.5 करोड़, का लूटा गया मशरूका बरामद किया है।

घटना के बाद पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक, साइबर तकनीकी साक्ष्यों, ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज, एवं मैदानी पुलिसिंग के समन्वित प्रयास से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

फरियादी अर्पित पिता ललित कुमार चोरड़िया, निवासी 24 जैन कॉलोनी रतलाम, गणेश मार्केट, चांदनी चौक रतलाम में सोने-चांदी के आभूषणों का व्यवसाय करते हैं तथा बड़नगर के व्यापारियों के साथ भी सोने के आभूषणों का व्यापार करते हैं। दिनांक 13 अगस्त को फरियादी बड़नगर में व्यापारिक कार्य से गए थे। वहां विभिन्न व्यापारियों को सोने के आभूषणों की बिक्री करने के बाद वह रात्रि लगभग 8.20 बजे बीके यादव बस से रतलाम के लिए रवाना हुए। रात्रि लगभग 9.15 से 9.30 बजे के मध्य बस के हनुमान चौकी, उमरथाना फंटा क्षेत्र में पहुंचने पर बस में बड़नगर से सवार दो व्यक्ति अचानक फरियादी के पास पहुंचे और उसका बैग छीनने का प्रयास किया। फरियादी द्वारा बैग को पकड़कर विरोध करने एवं शोर मचाने पर 3 अन्य आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और बैग छीनकर मौके से सभी पाँचो आरोपी फरार हो गए। बैग में सोने-चांदी के आभूषण, नगदी तथा फरियादी के आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की सूचना फरियादी द्वारा अपने परिजनों को देने के बाद पुलिस चौकी धराड़ पर दी गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बिलपांक में अपराध क्रमांक 534/2026, धारा 309(6) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन श्री राकेश गुप्ता के निर्देशन में, पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमिष अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।



# सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन ने लगातार चौथी बार जीता प्रथम पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंदसौर के कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परेड व ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने लगातार चौथी बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। इसके बाद आयोजित मुख्य परेड में विभिन्न टुकड़ियों ने कदमताल करते हुए मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन ने अपने सधे हुए कदमों, सटीक तालमेल, कड़े अनुशासन और प्रभावशाली सैन्य अभ्यास से निर्णायकों तथा दर्शकों को प्रभावित किया। लगातार 4 वर्षों से प्रथम स्थान प्राप्त करना कैडेट्स के कठिन परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम है।

सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन की इस उपलब्धि पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र धनगर, सचिव अशोक पारीख, सह सचिव व प्रबंधक सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल तथा प्राचार्य व कमांडेंट एके चतुर्वेदी ने सभी कैडेट्स और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।




# योग साधकों ने योग भवन में उत्साह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा योग भवन पर 80वां स्वतंत्रता दिवस पर्व योग गुरू सुरेंद्र जैन के सानिध्य में उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के उपाध्यक्ष जितेश फरक्या तथा प्रिया फरक्या ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

झंडावंदन से पूर्व प्रातः काल में योग साधकों द्वारा योग भवन से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। हाथों में तिरंगा लिए साधक देशभक्ति के नारे लगाते हुए क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरे और पुनः योग भवन पहुंचे। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित साधकों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया।समारोह में योग गुरू सुरेंद्र जैन, अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, उपाध्यक्ष जितेश फरक्या, जिनेन्द्र उकावत, सचिव लोकेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति जैन,सहसचिव प्रेमेन्द्र चौरड़िया, ट्रस्टी विजय पलोड़, वरिष्ठ साधक सी.एस. नाराणिया एवं लता लालवानी मंचासीन रहे। जिन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने नकारात्मक विचारों को त्याग कर राष्ट्र हित में एक जुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। भारत आज एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रहा है।

### कलेक्टर ने ध्वजा रोहण कर ली परेड की सलामी

**नीमच।** देश एवं प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी ८०वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय नीमच स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के साथ खुली सफेद जिप्सी में सवार होकर भव्य परेड का निरीक्षण किया तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का सीधा प्रसारण मुख्य समारोह स्थल पर किया गया। कलेक्टर ने मंच से जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बधाई संदेश का वाचन किया।



# कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि कटेसरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

स्वतंत्रता की ७९ वीं वर्षगांठ जिलेभर में देशभक्ति, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाई गई। जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थिति लोगो को जिले की विकास गाथा पुस्तिका भी वितरित की गई। समारोह में कलेक्टर श्री कटेसरिया ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। एसएएफ २४वीं वाहिनी 'बी' कंपनी रतलाम, जिला पुरुष पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर डिवीजन तथा विभिन्न विद्यालयों की टुकड़ियों ने अनुशासन एवं आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हर्ष फायर किया गया तथा शांति, समृद्धि एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने देखा और सुना। इसके पश्चात कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने शासन का बधाई संदेश पढ़कर सुनाया तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

# उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर में किया ध्वजारोहण

## जिले में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मंदसौर जिले में स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

कार्यक्रम के दौरान भोपाल से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा व सुना गया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए मंदसौर जिले में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर होमगार्ड, पुलिस, सशस्त्र बल और स्काउट द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया, जिसमें उनके साथ कलेक्टर दिव्यांक सिंह तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना मौजूद थे। ध्वजारोहण के उपरांत हर्ष फायर किया गया और शांति व समृद्धि के प्रतीक गुब्बारे उड़ाए गए। समारोह में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया गया। समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन सुदीप दास तथा सत्येंद्र राठौर ने किया। समारोह के दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक च्बदलते दौर का मध्य प्रदेश - मंदसौर जिले की विकास गाथाज का वितरण जन प्रतिनिधियों एवं नागरिकों को किया गया। मुख्य समारोह के पश्चात उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर में 1663 लाख रुपए की लागत से निर्मित 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर ब्लॉक का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 295.45 लाख रुपए की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालागुड़ा (विकासखंड मल्हार गढ़) एवं 159 लाख रुपए की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम निम्बोद का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कालम






### 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया

**पिपलिया मंडी।** समीपस्थ आदर्श ग्राम बालागुड़ा स्थित सिद्धि विनायक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कई भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह विद्यालय परिसर से एक विशाल प्रभातफेरी निकाली गई, जिसने पूरे गांव का भ्रमण किया। प्रभातफेरी के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे गांव में शानदार परेड निकाली। परेड का नेतृत्व स्कूल के बैंड दल ने किया, जिसकी सुमधुर और ओजस्वी धुनों पर विद्यार्थियों के कदमताल ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान छोटे-छोटे बालकों द्वारा डंबल की सहायता से एक विशेष और आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। गांव के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी और नन्हे बालकों की परेड का जोरदार स्वागत किया। प्रभातफेरी के पश्चात विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं और स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिए.इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### राजाधिराज महादेव की भव्य शाही पालकी यात्रा आज, उमड़ेगा जनसैलाब



**मन्दसौर।** श्री शयनकाल आरती युवा पालकी मंडल के तत्वावधान में आज 17 अगस्त को राजाधिराज महादेव की भव्य शाही पालकी यात्रा निकाली जाएगी जिसमें समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सपरिवार सादर आमंत्रित किया गया है। यात्रा आज प्रातः 10.30 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर प्रतापगढ़ पुलिया, मंडी गेट धान मंडी, बड़ा चौक, गणपति चौक, वरुण देव मंदिर, माहेश्वरी धर्मशाला, आर के हॉस्पिटल, गोल चौराहा, सरदार पटेल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर और सदर बाजार से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुँचेगी और रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर में शयन आरती एवं विसर्जन के साथ संपन्न होगी। इस ऐतिहासिक यात्रा में फूलों और पारंपरिक आभूषणों से सुसज्जित बाबा महादेव की अलौकिक पालकी, गूंजते ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजे, अखाड़ों के साहसिक करतब, भगवान शिव की महिमा दशार्ती मनमोहक झांकियाँ, मातृशक्ति की विशेष सहभागिता और हजारों शिवभक्तों का विशाल जनसैलाब मुख्य आकर्षण रहेंगे।

### किलेश्वर महादेव की 17 को निकलेगी शाही सवारी, तैयारी प्रारम्भ

**नीमच।** नीमच शहर में गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उज्जैन महाकाल की तर्ज पर किलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी 17 अगस्त को श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। सवारी मार्ग सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बन गया है। समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा गंगानगर के सानिध्य में प्रमुख चौराहों और मागों पर आकर्षक पोस्टर एवं बैनर लगाए गए हैं। आयोजन समिति शाही सवारी को भव्य दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है। सवारी में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। नीमच के राजा किलेश्वर महादेव की शाही सवारी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था का माहौल है। गत वर्ष भी किलेश्वर महादेव जी शाही सवारी शाम के समय निकाली और देर रात तक शहर मैं भ्रमण कर राजा श्री किलेश्वर महादेव ने प्रजा का हाल जान निकले थे। इस भविष्य की सारी निकलने का निर्वहन इस बार भी 17 अगस्त को किया जावेगा द्य जिसका शहर की जनता को बेसब्री से इंतजार है।

### स्वतंत्रता दिवस पर पिपलियामंडी में शान से लहराया तिरंगा



**पिपलियामंडी।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर परिषद पिपलियामंडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय भवन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रवीण सेन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं नगर के मुख्य गांधी चौराहे पर नगर अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। 80वें स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के अंतर्गत शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एक *विशेष वृक्षारोपण* कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश की स्वतंत्रता का जश्न मनाने के साथ-साथ पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाना था। समारोह में नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदगण, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देशभक्ति की भावना के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष श्री भरत सिंह सोनगरा ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

स्वतंत्रता दिवस क्षेत्र में हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। शासकीय एवं निजी संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाकर विद्यार्थियों और ग्रामीणों को मिठाई का वितरण किया गया।

खरसौदकलां ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच आनंदीलाल डाबी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अशोक जैन, सुरेश पटेल, अर्जुन पटेल, दिनेश सनोलिया, पंकज बारिया, जसवंत सिंह पटेल, संजय चौधरी सहित अन्य लोगों ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में सभी की भागीदारी का आह्वान किया।

खरसौदकलां हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र सिंह भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार अटल चौक पर हरीश पटेल, गांधी चौक परिसर में शुभम पटवा, सहकारी संस्था में प्रभारी ब्रजभूषण तिवारी तथा राजस्व टप्पा कार्यालय में तहसीलदार पुरन सिंह बघेल ने जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाथों में देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नगर में रैली निकाली। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय नारों के साथ लोगों में देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति की भावना का संदेश दिया। रैली के दौरान नगर का माहौल देशभक्ति से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित की गई।



## लेंक्सेस इंडिया में गरिमापूर्ण ढंग से मना स्वतंत्रता दिवस

नागदा

15 अगस्त 2026, नागदा। लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नागदा परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह में एसडीएम श्रीमती रंजना पाटीदार की उपस्थिति में यूनिट मैन्युफैक्करिंग हेड सुनील कुमार गुलाटी के साथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान हुआ।

इस अवसर पर सुनील कुमार गुलाटी ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं राष्ट्र की रक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को नमन करते हुए कर्मचारियों को स्वतंत्रता के मूल्यों, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान का संदेश दिया। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी दोहराया।

समारोह में हरविलास शर्मा, मैनेजर-एडमिन एवं सिक्योरिटी सहित कंपनी के अधिकारी, स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम निर्धारित प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा व्यवस्था के अनुरूप संपन्न हुआ। अंत में सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।



मक्सी

15 अगस्त आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जामिया असहाबे सुफ़्फ़ा, मक्सी उज्जैन रोड, दोंता जागीर, जिला देवास में मदरसे के प्रिंसिपल जनाब सय्यद कारी नौशाद हुसैन साहब के जरिए झंडा वंदन किया गया और उसके बाद बच्चों ने प्रोग्राम पेश किया जिसमें उर्दू, इंग्लिश, हिंदी में तकरीरें पेश कीं और जो हमारे बुजुर्गों ने और मुजाहिदीन-ए-आजादी ने जो कुरबानी दी है उन्हें याद किया गया, उनको खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया।

आखिर में जामिया के प्रिंसिपल और मोहतमिम सय्यद कारी नौशाद हुसैन साहब ने तलबा के सामने मुजाहिदीन-ए-आजादी और खास कर उलमा-ए-देवबंद को याद किया और मुल्क के लिए अमन-ओ-अमान की दुआ करके मजलिस का इख़्तेताम किया।

### 17 अगस्त से उर्वरक वितरण पुनः प्रारंभ

## 20 अगस्त से हर किसान, हर घर, हर खेत खाद अभियान का होगा शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

प्रदेश में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उर्वरक वितरण को अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। आगामी रबी सीजन के लिए किसानों को इसी माह से अग्रिम रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।

भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल एवं प्रदेश के उर्वरक विक्रेताओं रिटेलर्स के स्टॉक का रिकॉन्सेलिएशन मिलान करने के लिए उर्वरक विक्रय अस्थायी रूप से बंद किया गया है। अवकाश के दौरान स्टॉक मिलान का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सोमवार, 17 अगस्त से उर्वरक विक्रय पुनः प्रारंभ होगा। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।

**20 अगस्त से हर किसान, हर घर, हर खेत खाद अभियान**

रबी सीजन के लिए किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 अगस्त से हर किसान, हर घर, हर खेत खाद अभियानप्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से रबी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरक की उपलब्धता इसी माह से सुनिश्चित की जाएगी, जिससे किसानों को समय पर खाद प्राप्त हो सके।























## रुटीन काम ऑटोमेट हो चुके, अब इंटर्न को क्लाइंट मीटिंग

# बदली इंटर्नशिप, नौकरी की दर 63% पहुंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एआई और नई टेक्नोलॉजी से कंपनियों में इंटर्न्स की भूमिका पूरी तरह बदल गई है। रुटीन काम ऑटोमेट होने से अब उन्हें बड़े प्रोजेक्ट्स, क्लाइंट मीटिंग्स और बिजनेस ट्रिप्स जैसी जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। कंपनियां इंटर्नशिप को अब पक्की नौकरी के ट्रायल की तरह देख रही हैं और परफॉर्मेंस पसंद आने पर 63% इंटर्न्स को तुरंत जॉब मिल रही है।

मसलन, 20 साल की एक इंटर्न को काबिलियत के दम पर अकेले लंदन भेजा गया। दरअसल, पढ़ाई के दौरान 2-6 महीने काम सीखने आने वाला छात्र ह्यइंटर्नह्न कहलाता है, जिसे सिर्फ स्टाइपेंड मिलता है। वहीं पढ़ाई पूरी कर पक्की नौकरी जॉइन करने वाला फ्रेशर होता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक एआई और सख्त नियमों के चलते कंपनियां भले ही कम इंटर्न्स रख रही हैं, लेकिन जिन्हें मौका मिल रहा है, उन्हें फुल-टाइम कर्मचारियों जैसी गंभीर जिम्मेदारियां मिल रही हैं। इससे छात्रों को वास्तविक व्यावसायिक फैसलों में शामिल होने का मौका मिल रहा है और कंपनियों को भी ऊर्जावान टैलेंट मिल रहा है। वैसे भी फाइनेंस और कंसल्टिंग जैसे क्षेत्रों में इंटर्न्स का मुख्य काम संभालना पुराना ट्रेंड रहा है। अब अन्य क्षेत्रों में भी इंटर्नशिप नए कर्मचारियों के ऑडिशन की तरह काम कर रही है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ कॉलेजेज एंड एम्प्लॉयर्स के अनुसार इंटर्न से कर्मचारी बनने की दर 50.6% से बढ़कर 63.1% हो गई है। बेहतरीन छात्रों को कॉलेज के अंतिम वर्ष से पहले ही ऑफर मिल रहे हैं। उदाहरण के लिए, 4 जुलाई की छुट्टियों के प्लान के बीच 20 साल की इंटर्न तालिया कुस्मिरेक को सैन फ्रांसिस्को से लंदन की अचानक बिजनेस ट्रिप का आदेश मिला। उन्होंने नूक्स कंपनी के लिए अकेले काम करते हुए सोशल मीडिया कंटेंट तैयार किया। लौटने पर दफ्तर के सहकर्मी इतनी कम उम्र में मिली इस बड़ी जिम्मेदारी से काफी हैरान रह गए।

## इलायची के विज्ञापन पर शाहरुख-अजय और टाइगर को नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एफडीए का आरोप है कि विमल इलायची के विज्ञापन के जरिए राज्य में प्रतिबंधित विमल पान मसाला का इनडायरेक्ट प्रचार किया जा रहा है। एफडीए ने 11 अगस्त को तीनों को नोटिस भेजकर विज्ञापन में उनकी भूमिका पर 15 दिन में जवाब और स्पष्टीकरण मांगा है। शाहरुख खान को बांद्रा स्थित उनके घर मन्नत, अजय देवगन को जुहू स्थित आवास और टाइगर श्रॉफ को उनकी प्रोडक्शन कंपनी टाइगर श्रॉफ प्रोडक्शंस एलएलपी के पते पर नोटिस भेजा गया है।

**फाइटर जेट का इंजन देश में ही बनेगा-** अब भारत में ही एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (अटउअ) का इंजन बनेगा। इसके लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रॉल्स-रॉयस ने शुक्रवार को पार्टनरशिप की है। दोनों कंपनियां मिलकर एक स्पेशल एयरोस्पेस गैस टर्बाइन कॉम्प्लेक्स बनाएगी। इसमें पूरी तरह स्वदेशी और सॉवरेन इंजन का डिजाइन, डेवलपमेंट, टेस्टिंग, मैन्युफैक्चरिंग और डिलीवरी करेंगी। साथ ही लाइफटाइम सपोर्ट भी शामिल दिया जाएगा।

## पेट्रोल-डीजल और एटीएफ के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स में कटौती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और हवाई ईंधन यानी एटीएफ के एक्सपोर्ट पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। नई दरें 14 अगस्त से लागू हो गई हैं। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल एक्सपोर्ट पर टैक्स को पूरी तरह खत्म यानी जीरो कर दिया गया है, जबकि डीजल और जेट फ्यूल पर शुल्क में राहत दी गई है।डीजल के एक्सपोर्ट पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क यानी रअएऊ को 25.5 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 24 रुपए प्रति लीटर कर दिया है। इसी तरह एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को 22 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 19.5 रुपए प्रति लीटर तय किया गया है।


**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069








































# प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने फांसी लगाई

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार को 27 वर्षीय युवक ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक मूल रूप से सागर का रहने वाला था और पिछले कुछ महीनों से इंदौर में निजी कंपनी में ड्राइवर का काम कर रहा था। प्रारंभिक जांच में उसके इंदौर आने की वजह सागर की एक युवती से प्रेम प्रसंग बताई जा रही है।

# लोहे का गेट खोलकर अंदर घुसे चोर

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक किराएदार के मकान को चोर ने निशाना बनाया। चोर ने किचन की खिड़की से हाथ डालकर दरवाजे की चिटकनी खोल ली। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखी नकदी और अन्य सामान लेकर फरार हो गया।

## न्यूज कॉलम

### मांडू में 30 हजार से ज्यादा पर्यटक पहुंचे

**मांडू (मालवा), धार।** मांडू में स्वतंत्रता दिवस की लंबी छुट्टियों के दूसरे दिन रविवार को 30 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे। बारिश के मौसम और लगातार छुट्टियों के कारण यहां पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। पर्यटकों ने जहाज महल, हिंडोला महल, चंपा बावड़ी, हमाम महल, इको पॉइंट, बाज बहादुर का महल और रानी रूपमती मंडप जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। दोपहर बाद धार-मांडू मार्ग और धरमपुरी-तारापुर हाईवे से बड़ी संख्या में सैलानी मांडू पहुंचे। लगभग 500 से अधिक चार पहिया वाहन और 1000 से अधिक मोटरसाइकिल से पर्यटक अपने परिवार और दोस्तों के साथ मांडू पहुंचे।

### एसपीडीए ग्राउंड बदहाल झाड़ियों से घिरा मैदान

**धार।** धार शहर का एसपीडीए ग्राउंड इन दिनों बदहाल स्थिति में है। साफ-सफाई और रखरखाव नहीं होने से मैदान के बड़े हिस्से में झाड़ियां उग आई हैं। इससे यहां खेलने आने वाले बच्चों और युवाओं को परेशानी हो रही है। मैदान में जगह-जगह बड़ी झाड़ियां उग गई हैं। इसके कारण मैदान का एक बड़ा हिस्सा लावारिस नजर आता है। इससे मैदान का स्वरूप भी बिगड़ गया है। शहर के बच्चे और युवा यहां क्रिकेट, फुटबॉल सहित अलग-अलग खेलों का अभ्यास करने आते हैं।

### झाबुआ में कार दुर्घटना चार श्रद्धालु सुरक्षित

**झाबुआ।** गुजरात के वडोदरा से उज्जैन में महाकालेश्वर के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार झाबुआ जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शनिवार सुबह रायपुरिया-सारंगी मार्ग पर शिव नर्सरी के पास यह हादसा हुआ, जब कार एक पुल से टकरा गई। गनीमत रही कि कार में सवार चारों श्रद्धालु सुरक्षित बच गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे बने पुल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, उसके नीचे नाले में पानी बह रहा था।

## नैनो न्यूज

- **चांदी के भाव में हलचल-** इंदौर सराफा बाजार में 999 शुद्धता वाली चांदी का भाव 16 अगस्त को करीब 2.66 लाख रुपए किलो दर्ज हुआ।
- **तेल कीमतों से व्यापारी चिंतित-** सरसों तेल के दाम 220 रुपए किलो से ऊपर पहुंचने से खाद्य तेल कारोबारियों और ग्राहकों दोनों पर महंगाई का दबाव बढ़ा।
- **व्यापार फोरम से निवेश उम्मीदें-** भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार निवेश फोरम से इंदौर में अंतरराष्ट्रीय कारोबार और निवेश गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है।
- **इंदौर बना व्यापार संवाद केंद्र-** अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश गतिविधियों से इंदौर की कारोबारी पहचान मजबूत हो रही है।
- **ट्रेड फेयर में कारोबार की संभावना-** इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में विभिन्न क्षेत्रों के कारोबारी और उद्यमी शामिल हो रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार को नए संपर्क मिलने की उम्मीद है।

### एमडी के साथ बाइक राइडर पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खजराना और चंदन नगर पुलिस ने नशे और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को पकड़ा है। खजराना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 100 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की है। खजराना टीआई मनोज सेंधव की टीम ने राहुल पिता मनोहर परमार निवासी चाणक्यपुरी, सिविल लाइंस, देवास को पकड़ा है। उसके साथ एक नाबालिग भी पकड़ा गया है।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

कालसर्प दोष
मंगल दोष, पितृदोष विशेषज्ञ
उज्जैन में कालसर्प दोष के लिए संपर्क करें
अवंतिका तीर्थ पुरोहित
पंडित देवकीनंदन बृजमोहन जी द्विवेदी
यजुर्वेद आचार्य ज्योतिर्विद्
पता: म.नं. 58, योगीपुरा, हरसिद्धि माता मंदिर के पास, उज्जैन
मोबा.: 9907584370, 7772877083

श्री सत्य साईं मेडिकल इंस्टीट्यूट बड़वानी
अंजड़ रोड, सेगांव फाटा, बड़वानी (म.प्र.)
Shri Satya Sai Medical Institute Long Standing Legacy of Excellence since its inception in 2002. The institute dedication to Medical & Paramedical Region is show cased through the success of its students.
B.E.M.S. · B.M.L.T. · COT. Tech. · C.C.H. · D.M.L.T. · C.H.D. · D.X-Ray Tech. · C.YOGA
Admission OPEN
94253 22321, 73890 90827, 91797 72546

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताशा पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की डोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्टर : विजय सिंह सगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

HAPPY INDEPENDENCE DAY
सांवरिया खिचड़ी सेंटर एंड दीपक केटर्स
टावर चौक उज्जैन
Mob.8839048444

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
-: विनित :-
कैलाश राठौड़
प्रबंधक - आदिम जाति सहकारी संस्था बोकराटा,

होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेंट
5 लाख से 7 लाख लगाने पर 1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोन्स वाली बिल्डिंग, उज्जैन
सम्पर्क: 9826398272

श्री सांई बाबा जीवनधारा हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services
प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना
5 लाख तक का मुफ्त उपचार
कृषि मंडी के सामने, राजघाट रोड, बड़वानी
+91 78696 17000, +91 78696 18000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

श्रद्धांजलि उठावना

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि
**अजय सोनी**
प्रबंधक (CRM), सतना मण्डल LIC
का आकस्मिक निधन दिनांक 14-08-26 को हो गया है।
दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उठावना
दिनांक 17-08-26 को
"कम्यूनिटी हाल", सेक्टर B, महानंदा नगर, उज्जैन पर
सायं 5 बजे रखा गया है।

**शोकाकुल**
- श्रीमती अलका अजय सोनी (पत्नी LIC)
- डॉ० अंशिता एवं डॉ० अनन्या सोनी (पुत्री)
- अनिल कुमार, विजय कुमार, संजय सोनी (भाई)
- अंकित, अर्पित, शिवम्, लक्ष्य सोनी (भतीजे)

विनम्र श्रद्धांजलि!

राजकुमार खण्डेलवाल स्मृति हायर सेकण्डरी स्कूल
English Medium - CBSE Pattern
Admission Open
Our Shining Stars 2026
Nursery to 12th
Available Subjects in 11th & 12th: Maths, Biology, Commerce, Arts, Agriculture and Home Science
Limited Seats
कक्षा नर्सरी से 10th तक फ्री बुक्स
78981 80808
"पुष्पकुंज" बंधान रोड, बड़वानी

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमानाएं
प्रॉपर्टी फॉर सेल इन इंदौर
● हॉस्टल्स ● शोरूम्स
● होटल्स ● प्लॉट्स
● शॉप्स ● फ्लैट्स
फॉर मोर इंफो
पीसी राजपूत रियल एस्टेट इंदौर
मो. 9893713817

बड़ी चिकित्सा सुविधाएँ, अब हर परिवार की पहुंच में।
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज उपलब्ध।
अमलतास सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देवास
अब हर इलाज एक ही छत के नीचे।
AMALTAS Super Speciality Hospital Dewas
हमारी प्रमुख सुपर-स्पेशलिटी सेवाएँ: कार्डियोलॉजी / कार्डियक सर्जरी · ऑन्कोलॉजी / ऑन्कोसर्जरी · पीडियाट्रिक सर्जरी · न्यूरोलॉजी / न्यूरोसर्जरी · नेफ्रोलॉजी / यूरोलॉजी · रेस्पिरेटरी मेडिसिन · प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी · हेयर ट्रांसप्लांट · बैरियाट्रिक सर्जरी · रोबोटिक मशीन द्वारा हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण · IVF
विशेषताएँ: लगभग 1460 बेड्स की क्षमता · 24×7 आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेवाएँ · अनुभवी सुपर स्पेशलिटी विशेषज्ञ टीम · लगभग 120 अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर / ICU बेड्स · अत्याधुनिक MRI | CT Scan डायग्नोस्टिक्स · रोबोटिक सर्जरी की सुविधाएँ
उन्नत ICU एवं क्रिटिकल केयर सुविधाएँ, एडवांस्ड मॉनिटरिंग, सेंट्रल ऑक्सीजन एवं लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ
हमारे अनुभवी डॉक्टर्स: डॉ. देवेश बंसल (मूत्र एवं पथरी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित चौपड़ा (मूत्र एवं पथरी रोग विशेषज्ञ), डॉ. रजनीश पाटीदार (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ), डॉ. राकेश रघुवंशी (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशीष मिश्रा (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौरव अग्रवाल (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. हिमानी श्रीवास्तव, डॉ. अकबर अली साबिर (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. हेमंत मित्तल (कैंसर कीमोथेरेपी विशेषज्ञ), डॉ. विवेक रघुवंशी (किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अजय झा (किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. राहुल यादव (प्लास्टिक सर्जन), डॉ. सीमा मित्तल (प्लास्टिक सर्जन), डॉ. उमेश जेठवानी (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. दिव्या जेठवानी (आईवीएफ विशेषज्ञ), डॉ. आशीष शर्मा (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. विनोद राज (पीडियाट्रिक सर्जन), डॉ. पुनीत माहेश्वरी (रोबोटिक सर्जन)
Scan the QR to visit our website
Follow us on amaltassuperspecialityhospital · Amaltas Hospital,Dewas
आपके स्वास्थ्य की सम्पूर्ण देखभाल के लिए एक विश्वसनीय पता।
Amaltas Super Speciality Hospital, Village Bangar, Dewas-Ujjain Highway, Dewas (M.P.)
24×7 हेल्पलाइन: 1800-571-2120

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com